# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 274 । भोपाल, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



अहिंसा का संदेश देने दौड़ा भोपाल — पृष्ठ 3

▪ भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!
▪ स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया — पृष्ठ 4

▪ बम्होरी और सुल्तानगंज को तहसील बनाया जाएगा : शिवराज — पृष्ठ 6

जमीन का पट्टा मिलते ही चेहरे पर मुस्कान, बस्ती में दीपावली सा जश्न — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### राहुल ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था, बर्तन सेवा की



**अमृतसर, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने अरदास की और बर्तन धोए। इस दौरान उनके साथ कई कांग्रेस नेता और स्वर्ण मंदिर प्रबंध समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### मेघालय में भूकंप के झटके किए गए महसूस

**शिलांग, एजेंसी।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि सोमवार शाम को मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र और असम के आसपास के जिलों में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। मध्यम तीव्रता का झटका शाम छह बजकर 15 मिनट पर आया। उत्तरी गारो हिल्स व आसपास के पश्चिम व पूर्वी गारो हिल्स जिलों के साथ-साथ असम के निकटवर्ती इलाकों में भी जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप सतह से दस किमी की गहराई पर आया।

### दमोह के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह लोधी की घर वापसी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल,केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष दमोह जिले के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह लोधी ने घर वापसी की। वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

### बंगाल के 7 जिलों में बाढ़ का अनुमान

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान है। झारखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में जारी और अनुमानित भारी बारिश के कारण राज्य के सात जिलों पश्चिम बर्धमान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ का प्रबल अनुमान है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाने के लिए संबंधित जिलों के साथ तत्काल वर्चुअल बैठक कर सहमति बनाने का निर्देश दिया।

### विपक्ष का विकास विरोधी रुख निंदनीय : पटनायक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को विपक्ष की जनविरोधी और विकास विरोधी रूख की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल ओडिशा की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं और गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पटनायक ने गांधी जयंती के दिन प्रदेश भर में बीजद पदयात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करना विपक्ष का एकमात्र काम रह गया है। उन्होंने जोर दिया कि जब भी कोई चुनाव होता है तो विपक्ष हमेशा ऐसी गतिविधियों में शामिल होता है लेकिन जनता ने हमेशा उन्हें खारिज कर दिया है।

### तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

---

प्रधानमंत्री ने ग्वालियर से दी प्रदेश को कई सौगातें : 2.21 लाख आवासों में हुआ गृहप्रवेश, 19 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास, बोले-

# आपका एक वोट देगा मध्यप्रदेश को टॉप-3 में लाने की गारंटी



**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते सालों में हमारी सरकार बीमारू मध्यप्रदेश को टॉप-10 राज्यों में लेकर आई है। हमारा अगला लक्ष्य मध्यप्रदेश को टॉप-3 राज्यों में लाना है। लेकिन ये काम कौन कर सकता है? इसकी गारंटी कौन दे सकता है? आपका एक वोट ही इसकी गारंटी दे सकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि ये सारे काम डबल इंजन की सरकार के साझा प्रयासों का परिणाम हैं। केंद्र और राज्य में जब समान सोच वाली विकास को समर्पित सरकारें होती हैं, तो काम होते हैं।

वह आज ग्वालियर के मेला ग्राउंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के 2.21 लाख हितग्राहियों के गृहप्रवेश और 19 हजार करोड़ की लागत वाली विकास परियोजनाओं के लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज 19 हजार करोड़ की इतनी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है कि आपके हाथ तालियां बजाते हुए थक गए होंगे। पहले की सरकारें जितने काम साल भर में करती होंगी, उतने काम हमारी सरकार ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### मोदी पूछता भी है और पूजता भी

भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए समर्पित है। जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूछता भी है और पूजता भी है। क्या 2014 से पहले किसी ने दिव्यांग शब्द सुना था? शारीरिक चुनौतियों से जूझ रहे इन लोगों को कांग्रेस की सरकारों ने अपने हाल पर छोड़ दिया था। हमने इनकी चिंता की, आधुनिक ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### विरोधियों को देश की प्रगति से है नफरत

उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोग जिनके पास विकास की कोई सोच और रोडमैप नहीं है, ये मध्यप्रदेश का विकास नहीं कर सकते। श्री मोदी ने कहा कि इन विकास विरोधियों को देश ने 60 साल दिए, इन सालों में कितना विकास हो सकता था? लेकिन इन्होंने नहीं किया। ये उस समय भी गरीबों की भावनाओं से खेलते रहे, जात-पांत के नाम पर समाज को बांटते रहे और आज भी यही कर रहे हैं।

### कमलनाथ ने गरीबों के घर लौटाए, भाजपा सरकार ने 38 लाख मकान बनवाए : शिवराज

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज 2 लाख से ज्यादा गरीब गृह प्रवेश कर अपने घर में जा रहे हैं। प्रदेश के लोगों को 38 लाख मकान बनाकर दिए गए। प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए मकान दिए थे, कमलनाथ ने वापस कर दिए, क्योंकि राज्य सरकार का शेयर न देना पड़े। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना का जिक्र भी इस दौरान किया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए 19 हजार करोड़ की सौगात लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता के मंत्र ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### खुले वाहन में सवार जन दर्शन के लिए निकले प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के साथ खुले वाहन पर सवार होकर ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर के मेला मैदान में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए जनदर्शन के दौरान भारी संख्या में मौजूद जनसमूह ने करतल ध्वनि और नारे लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं सहित सम्पूर्ण जन समूह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के सम्मान में लिखी हुई तख्तियां लहराकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया।

---

महाराष्ट्र में ट्रक ने 10 मजदूरों को कुचला

# सड़क किनारे सो रहे थे मजदूर, 5 की मौत



**बुलढाणा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया।

पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है, और उन्हें पास के चोपडे अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों की पहचान अभिषेक आर. जांभेकर (18), प्रकाश बी. जांभेकर (26), पंकज टी. जांभेकर (25) के रुप में की गई है। एसडीपीओ गवली ने कहा मामले में आगे की जांच जारी है।

### नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 मरीजों की मौत

**नांदेड़, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित रूप से दवाओं की कमी के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम 24 गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गई। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मृतकों में 12 नवजात शिशु भी शामिल हैं। बताया जाता है कि राज्य भर के सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इन सरकारी अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इंस्टीट्यूट ने दवाइयों की खरीदारी बंद कर दी है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

---

# 3 लाख के इनामी आतंकी समेत 3 संदिग्ध गिरफ्तार

- पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था शाहनवाज
- बम बनाने का सामान बरामद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपए का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया दिल्ली पुलिस ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

---

चिकित्सा में 2023 के नोबेल का ऐलान

# कोरोना के खिलाफ टीकों के लिए कैटालिन व वीसमैन को पुरस्कार

### प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास के लिए किया काम

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित



उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है। ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

---

# मणिपुर में छात्रों की हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

- आरोपियों की गिरफ्तारी का विरोध शुरू
- 6 अक्टूबर तक इंटरनेट पर प्रतिबंध

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में 2 छात्रों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं हैं। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया है। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है। गिरफ्तार लोगों में हत्या का मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी भी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने भी चार लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इनके नाम पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग हैं। उन्होंने कहा कि हम दोषियों को मौत की सजा दिलाएंगे।

उधर, चार आरोपियों के गिरफ्तारी का विरोध भी शुरू हो गया है। चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों को बेकसूर बताते हुए 48 घंटे में रिहाई की मांग की। उन्होंने रविवार रात से जिले में बंद का ऐलान कर दिया। इसके बाद राज्य में सेल्युलर इंटरनेट बैन 6 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया। वहीं, लापता बच्चों के परिजन ने दैनिक भास्कर से कहा कि जब तक शव बरामद नहीं हो जाते, तब तक उन्हें शांति नहीं मिलेगी। मणिपुर में 23 सितंबर को इंटरनेट बहाली के ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

---

# बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी



**पटना, देशबन्धु।** बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 फीसदी हैं। सबसे ज्यादा 14.26 फीसदी यादव हैं। ब्राह्मण 3.65 फीसदी, राजपूत (ठाकुर) 3.45 फीसदी हैं। सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी।

### प्रभारी मुख्य सचिव ने जारी की किताब

बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार

- बिहार में 13 करोड़ 7 लाख से ज्यादा है आबादी
- गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं
- सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की संख्या
- मुख्यमंत्री नीतीश ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी।

बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 फीसदी दिया जा रहा है। 27 फीसदी ओबीसी के लिए 12 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 फीसदी के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 फीसदी ईबीसी को और 12 फीसदी ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 फीसदी हो गई है।

### जातीय गणना के आंकड़े

| वर्ग | आंकड़े (प्रतिशत में) |
|---|---|
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 36 फीसदी |
| पिछड़ा वर्ग | 27 फीसदी |
| अनुसूचित जाति | 19.65 फीसदी |
| अनुसूचित जनजाति | 1.68 फीसदी |
| सामान्य वर्ग | 15.52 फीसदी |

**धर्म के आधार पर आबादी**

| धर्म | आबादी |
|---|---|
| हिंदू | 81.99 |
| मुस्लिम | 17.7 |
| ईसाई | 0.057 |
| सिख | 0.011 |
| बौद्ध | 0.085 |
| जैन | 0.009 |
| अन्य | 0.127 |

*जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी :* ***नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार***



*बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक, ये हमारा प्रण है :* ***राहुल गांधी, कांग्रेस नेता***



*ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने और हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे :* ***लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो***

### राज्य से बाहर रह रहे 53 लाख से ज्यादा

अपर मुख्य सचिव विवेक सिंह ने कहा बिहार राज्य में हुई गणना के अनुसार प्रदेश की जनसंख्या में बिहार के बाहर में रहने वालों की संख्या 53 लाख 72 हजार 22 है। बिहार राज्य में रहने वालों की कुल जनसंख्या 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार 288 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या 6 करोड़ 41 लाख 31 हजार 990 है, जबकि महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 11 लाख 38 हजार 460 है। अन्य की संख्या 82 हजार 836 पाई गई है। गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

### हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ से ज्यादा

बिहार में साल 2011-2022 के बीच हिंदुओं जनसंख्या कम हुई है। इस दौरान मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी है। आज जारी किए गए जातीय गणना की रिपोर्ट के साथ राज्य में धार्मिक जनसंख्या भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अभी हिंदू आबादी करीब 82 फीसदी (81.99) और मुस्लिम आबादी 17.7 फीसदी है। जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी। अभी बिहार में हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ 71 लाख 92 हजार 958 है। वहीं मुस्लिम जनसंख्या 2 करोड़ 31 लाख 49 हजार 925 है। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में हिंदू आबादी 8 करोड़ 60 लाख 78 हजार 686 थी। वहीं मुस्लिम आबादी 1 करोड़ 75 लाख 57 हजार 809 थी।

## टिकट न मिलने से नाराज : भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला ने निकाली आक्रोश रैली



▶ चुनाव लड़ने की घोषणा की, मंगलवार को निकालेंगे न्याय यात्रा

**सीधी/ भोपाल, देशबन्धु।** सांसद रीती पाठक को सीधी विधानसभा से टिकट देने से नाराज चल रहे विधायक केदारनाथ शुक्ला ने आज निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की, साथ ही अपने निज निवास से लेकर कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक रैली में शामिल हुए, वहीं कई अन्य भाजपा नेता उनसे दूरी बनाते दिखे। उन्होंने इसके साथ ही घोषणा की है कि 3 अक्टूबर मंगलवार से वह पूरे विधानसभा क्षेत्र में न्याय यात्रा निकालेंगे और यह न्याय यात्रा उनकी जीत तक निरंतर चलती रहेगी।

उन्होंने इस दौरान स्वयं को भाजपा का असली कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि हम असली कार्यकर्ता हैं हमें पार्टी व पद से इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन्हें भाजपा ने टिकट दिया है वे नकली कार्यकर्ता है।

उल्लेखनीय है कि सीधी विधानसभा क्षेत्र से अपना टिकट कटने के बाद से ही विधायक शुक्ला लगातार बयानबाजी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आज उन्होंने आक्रोश यात्रा के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह चुनाव लड़ने की बात पर किसी प्रकार का समझौता करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने रैली के बाद दीनदयाल पार्क में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा द्वारा उनका टिकट काटने को क्षेत्र की जनता का अपमान बताया है। विधायक शुक्ला ने कहा कि आज के समय में भ्रम की राजनीति करने वालों को स्थान मिलता है, जबकि जनता की सेवा करने वाले नेताओं को टिकट मिलनी चाहिए। श्री शुक्ला ने कहा कि ऐसे समय में वह खुलकर अन्याय का सामना करेंगे और अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर करेंगे। इस दौरान उन्होंने यह बात कहने से भी संकोच नहीं किया कि उन्हें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी सहित अन्य पार्टियों ने विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए न्यौता दिया, लेकिन मैंने सभी पार्टियों को साफ मना कर दिया। श्री शुक्ला ने आगे बताया कि अभी मुझे शीर्ष नेतृत्व ने कुछ इंतजार करने के लिए कहा है। उन्होंने आशा जताई कि पार्टी टिकट वितरण में हुई गलती को सुधारकर उन्हें ही प्रत्याशी बनाएगी।

## गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाना भाजपा सरकार का जनविरोधी कदम : रागिनी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि को एक ओर जनविरोधी कदम बताया। पार्टी ने कहा है कि कुछ दिन पहले घरेलू गैस सिलेंडरों पर 2 सौ रुपए घटाकर अब कामर्शियल सिलेंडर पर 209 रुपए बढ़ाने से मोदी सरकार का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने पत्रकार वार्ता में कहा कि एक तरफ केन्द्र सरकार ने कुछ दिन पहले 200 रुपये कम कर दिए हैं और मप्र सरकार भी 'लाडली' बहनों को 450 रुपए का सिलेन्डर देने की बात करती हैं वहीं केन्द्र सरकार अब दूसरी तरफ कमर्शियल सिलेंडर पर 209/- रुपए बढ़ा देती है। डॉ. रागिनी ने इस बढ़ोत्तरी को भाजपा सरकार की चालाकी बताया और कहा कि इसका प्रभाव सीधे आम आदमी के जीवन पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ज्यादातर छोटे व्यवसाय चलाने वाला व्यक्ति रेहड़ी-ठेला-खोमचे चलाने वाला व्यक्ति, ढाबा-होटल चलाने वाला व्यक्ति कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर को इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या प्रदेश में तकरीबन 21 लाख है। कामर्शियल सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी से न सिर्फ छोटे व्यवसायी प्रभावित होंगे अपितु जो व्यक्ति इन रेहड़ी-ठेला-खोमचे वालों के यहां नाश्ता करता है अथवा खाना खाता है, उसकी जेब पर भी इसका असर पड़ेगा। डॉ. रागिनी ने कहा कि जो रोटी-सब्जी उसे 20 रुपए में मिल जाती थी, उसके लिए अब 30 रुपए का भुगतान तक करना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने गैस की कीमतों में वृद्धि के पीछे सब्सिडी को कम करने को एक कारण बताया। उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय के डाटा का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2004-2014 यानि कांग्रेस-यूपीए के कार्यकाल में 2,14, 0000 करोड़ की सब्सिडी दी गई, ताकि जनता को एलपीजी गैस सिलेंडर 4 सौ रुपए का मिल सके। पिछले 9 सालों में ये सब्सिडी घटाकर 36,500 करोड़ कर दी गई। यही कारण है 1000-1100 का रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है।

## संविधान बचाओ यात्रा को पुलिस ने लांबाखेड़ा में रोका, दिग्विजय की चेतावनी के बाद मिली इजाजत

**भोपाल, देशबन्धु।** विदिशा से भोपाल आ रही संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ यात्रा को पुलिस ने लांबाखेड़ा में ही रोक दिया। यह खबर लगते ही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आंदोलनकारियों से मिलने लांबाखेड़ा पहुंच गए और पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी कि यात्रा रोकी तो वे भी यहीं धरने पर बैठ जाएंगे, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने यात्रा को आगे जाने दिया।

उल्लेखनीय है कि आदिवासियों के नेता सुनील आदिवासी के नेतृत्व में निकल रही इस यात्रा में दिग्विजय को रोशनपुरा से शामिल होना था, लेकिन पुलिस के रोकने के कारण वे करोंद चौराहे से लांबाखेड़ा के बीच यात्रा में पहुंच गए। दिग्विजय ने पुलिसकर्मियों से कहा कि यात्रा को यदि रोशनपुरा चौराहे तक नहीं जाने दिया जाता तो वे यहीं पर धरना देकर बैठ जाएंगे। इस चेतावनी के बाद पुलिस ने पीछे हटते हुए आदिवासियों को भोपाल जाने की इजाजत दे दी। जिसके बाद संविधान बचाओ -लोकतंत्र बचाओ यात्रा रोशनपुरा पहुंची और यहां आमसभा भी की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों से जमीनें छीन ली गई हैं। साथ ही इन्हें पट्टा रहित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों को दबंगों द्वारा पुरजोर तरीके से दबाया जा रहा है। दबंग लोग आदिवासियों पर पेशाब कर रहे हैं। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान पर कहा कि भाजपा सरकार किसी की नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने इस यात्रा में पूरे समय साथ रहने की बात भी कही।

### तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन

## केंद्र से मनरेगा व अन्य योजनाओं के लिए की धन की मांग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। पार्टी नेताओं के मुताबिक, राजघाट पर विरोध प्रदर्शन का स्थान तब तय किया गया, जब उन्हें वहां विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मिल गई। तृणमूल कांग्रेस के नेता हाथों में तख्तियां लेकर राजघाट पर धरने पर बैठ गए, जिन पर लिखा था, 'रिलीज बंगाल फंड्स नाउ'। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा राज्य को मनरेगा और अन्य आवास योजना निधि से कथित तौर पर इनकार करने के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया था। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी को स्कूल शिक्षक भर्ती मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तलब किया है। अभिषेक बनर्जी ने दावा किया है कि वह इस मामले में ईडी के नोटिस का अनुपालन नहीं करेंगे।

## पथराव की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** ईद मिलाद हिंसा को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि शिवमोग्गा शहर में हुई पथराव की घटना के सिलसिले में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ने साफ तौर पर कहा कि सरकार पथराव की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी।

शिवमोग्गा शहर शांतिपूर्ण है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार और पथराव करने वाले 40 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। हम उन पर मामले दर्ज कर रहे हैं क्योंकि धार्मिक जुलूस निकालते समय पथराव करना कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इन गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी और उन पर लगाम लगाई जाएगी। उन्होंने कहा शिवमोग्गा शहर अब पूरी तरह से सामान्य है। पुलिस हरसंभव कार्रवाई कर रही है। पथराव की घटना के बाद शहर में शांति स्थापित हो गई है। हम शिवमोग्गा में शांति बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। सीएम ने आगे कहा, शिवमोग्गा में जब ईद मिलाद का जुलूस निकाला गया था, तो उपद्रवियों ने शहर के बाहरी इलाके के रागी गुड्डा इलाके में पथराव किया था। पुलिस पर भी पथराव हुआ था। पुलिस ने अनिवार्य रूप से लाठीचार्ज किया। तनाव बढ़ने के बाद कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को पूरे शिवमोग्गा शहर में कर्फ्यू बढ़ा दिया। ईद मिलाद जुलूस के दौरान हिंसा के बाद रविवार को शहर के रागी गुड्डा इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई।

### 4 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा

## प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर होगा मतदाता सूची का वाचन

**भोपाल, देशबन्धु।** फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि 4 अक्टूबर को प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। जिलास्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची की एक मुद्रित प्रति एवं एक प्रति सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं।

प्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली अंतर्गत द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 2 अगस्त से शुरू हुआ था। 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन लिए गए थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 4 अक्टूबर को प्रकाशित फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची संबंधित मतदान केंद्र तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में देखी जा सकती है।

### गांधी जयंती पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल पहुंचे खादी ग्रामोद्योग भंडार

## लोगों से खादी अपनाने का किया आह्वान



भोपाल, देशबन्धु। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल गांधी जयंती के अवसर पर भोपाल के जवाहर चौक स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार पहुंचे। श्री पटेल ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और चरखा चलाया। श्री पटेल ने खादी वस्त्रों की खरीदी भी की। उन्होंने भारत में निर्मित खादी कपड़े के विभिन्न गुणों पर चर्चा की तथा खादी को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि मैं पैदल यात्रा कर राजनीति करने वाला व्यक्ति हूं। महात्मा गांधी जी ने जमीन से जुड़ने के तीन प्रमुख मार्ग बताएं है। जिसे आसानी के साथ आम आदमी स्वीकार कर सकता है। पहला खादी पहनना और खादी को प्रोत्साहित करना यह हमारी आत्मनिर्भरता का सीधा संदेश था। दूसरा मार्ग है नशा मुक्त होना, जिसके लिए व्यक्ति को ही संकल्प लेना होगा, यदि आप इसे लेते है तो ये आपकी पीढ़ी की मजबूती की गारंटी है। तीसरा संकल्प है, स्वच्छता यदि हमारा आत्म अनुशासन ठीक है तो हमारा घर भी ठीक रहेंगा और समाज जीवन में जो भी स्थान रहेंगे वह भी स्वच्छ रहेंगे। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने लोगों से अपील की है कि त्यौहारों पर खादी ग्रामोद्योग के उत्पाद ही उपहार में देने की कोशिश करें। खादी स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल देने के साथ ही हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। इसलिए खादी वैश्विक स्तर पर बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती है। खादी एक ऐसा वस्त्र है जो सर्दियों में गर्मी और गर्मियों में ठंड का एहसास दिलाता है। श्री पटेल ने कहा कि खादी को भारतीय स्वतन्त्रता आंदोलन के दौरान देशभक्ति का दर्जा हासिल हुआ और जिसने स्वदेशी की भावना को सृजित किया। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विकास वीरानी, पूर्व जिला मंत्री दीपक शर्मा, पूर्व मीडिया प्रभारी सुमित रघुवंशी, हरीश राम, नितिन परिहार, अरविंद वर्मा, जसवंत सिंह, विनय सिंह, मनीष निंबोल्कर उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**आपका एक वोट देगा मध्यप्रदेश....** एक दिन में कर सकती है। दशहरा, धनतेरस और दीवाली से पहले 2.21 लाख से अधिक परिवारों को अपना घर मिल गया है। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी और इंदौर का लॉजिस्टिक पार्क प्रदेश में उद्योगीकरण को विस्तार देकर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। आज विदिशा, बैतूल, कटनी, नरसिंहपुर, दमोह और शाजापुर को नए स्वास्थ्य केंद्रों की सौगात भी मिली है। प्रधानमंत्री ने ग्वालियर को साहस, स्वाभिमान, सैन्य गौरव, संगीत, स्वाद और सरसों की भूमि बताते हुए कहा कि इस धरती से जो देशभक्त निकला, उसने अपना जीवन राष्ट्र के लिए खपा दिया। लेकिन हम जैसे करोड़ों लोगों को देश के लिए लड़ने का सौभाग्य नहीं मिला, लेकिन देश को विकसित और समृद्ध बनाने का दायित्व हमारे कंधों पर है। इसी मिशन को आगे बढ़ाने में मैं आपके बीच आया हूं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज ग्वालियर अवसरों की भूमि बन गया है, यहां स्कूल-कॉलेज, हाईवे, रेलवे ट्रैक बन रहे हैं, एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। पहले यहां 2 लेन रोड नहीं थी, लेकिन आज 8 लेन के एक्सप्रेस वे बन रहे हैं।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, तुलसीराम सिलावट, गोपाल भार्गव, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, राजेन्द्र शुक्ला, अरविन्द भदौरिया, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, डॉ. प्रभुराम चौधरी, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्यवर्द्धन सिंह दत्तीगांव, भारत सिंह कुशवाह, ओपीएस भदौरिया, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, श्रीमती संध्या राय, केपी यादव उपस्थित थे।

**मोदी पूछता भी है और....** उपकरण दिए, कॉमन साइन लैंग्वेज तैयार कराई और आज ग्वालियर में इनके लिए स्थापित स्पोर्ट्स सेंटर का उद्घाटन किया है। दिव्यांगों के खेलों के मामले में ग्वालियर का नाम सारी दुनिया में रोशन होने जा रहा है।

**कमलनाथ ने गरीबों के घर लौटाए....** को प्रदेश की जनता ने हाथों हाथ लिया और स्वच्छता में आज मध्यप्रदेश देश में नंबर बना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश के अन्न के भंडार भरे हैं और प्रदेश के किसानों ने तो ऐसा चमत्कार किया है कि 2003-04 तक 159 लाख मीट्रिक टन अन्न का उत्पादन था, आज अन्न का उत्पादन 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आज मैं आपसे पूछना चाहता हूं ग्वालियर वालों जरा दिल से और ईमानदारी से बताना कि जितने विकास के काम भाजपा सरकार कर रही है कभी कांग्रेस ने किए थे क्या? श्री चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार आपसे काम के बल पर आपका समर्थन मांग रही है। प्रदेश के विकास के लिए आपका समर्थन चाहिए।

**3 लाख के इनामी आतंकी समेत....** केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है। इसमें कैसे केमिकल को प्रोक्योर करना है? कैसे बम बनाना है? जैसी जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक उसने वैस्टर्न इंडिया, सदर्न इंडिया, गुजरात और अहमदाबाद में रेकी की थी, साथ ही उसने कई जंगलों में भी समय बिताया। पुलिस ने कहा कि शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है। वह झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है। उसने बीटेक की पढ़ाई की है। उसे माइनिंग की पूरी जानकारी है, वहीं, अरशद वारसी ने भी बीटेक और फिर पीएचडी की है, जबकि मोहम्मद रिजवान मौलाना है और उसने भी कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों लोग ज्यादा से ज्यादा नुकसान करने के इरादे से ब्लास्ट करने वाले थे। उनके निशाने पर ज्यादातर जाने-माने डिग्निटरीज और वीआईपी लोग थे।

**कोरोना के खिलाफ टीकों के....** इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्तूबर को की जाएगी। पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी दस लाख अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।

**मणिपुर में छात्रों की हत्या...** बाद मैदानी इलाकों से 27 और पहाड़ से 14 युवाओं के गायब होने की जानकारी सामने आई थी। इनका अब तक पता नहीं चला है। कुकी संगठन ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पर कुकी समाज के 2 नाबालिगों सहित 7 लोगों के अपहरण का आरोप लगाया है। इसके विरोध में चुराचांदपुर जिले में रविवार रात 10 बजे से अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की गई है। कुकी लोगों ने चेतावनी दी कि सभी 7 लोगों को 48 घंटे में रिहा करें, नहीं तो वे आंदोलन करेंगे। संगठन ने सभी पहाड़ी जिलों के लोगों से अपील की कि मैतेई इलाकों से लगी सीमा से सील करें। बंद के दौरान सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### पीएचई एवं जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने की समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा

## समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने सशक्त निगरानी और उत्तरदायित्व निर्धारित हो

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसम्पर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने के लिये सशक्त मॉनिटरिंग और उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया जायेगा, वहीं काम न करने वाले को ब्लेकलिस्ट। मंत्री श्री शुक्ल ने जल भवन भोपाल में समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये।मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने के लिये सशक्त टीम बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बारिश थमने के कारण कार्य को गति प्रदान की जाये, जहाँ मानव संसाधन की कमी है, उसे दूर किया जाए। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कांट्रेक्टर नियमानुसार ड्राइंग/डिजाइन संचालनालय में भी जमा करें। मुख्यालय में कमेटी बनाई जा रही है,जिससे किसी भी कार्य में रूकावट नहीं आएगी।बैठक में मंत्री श्री शुक्ल ने प्रगतिरत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की एवं सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ल ने एल एण्ड टी कंपनी को आवश्यक मानव संसाधन, मशीनरी एवं सामग्री लगाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिये।

बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में सतही स्त्रोत (नदी एवं बांध) आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 62,438 करोड़ लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनायें स्वीकृत है। इन योजनाओं से 35,996 ग्राम लाभान्वित होंगे। इनमें से 2,906 करोड़ लागत की 33 योजनाओं की पूर्ण कर 1,733 ग्रामों को नियमित जलप्रदाय किया जा रहा है। साथ ही 56,458 करोड़ लागत की 109 योजनायें जिनसे 32,700 ग्राम लाभान्वित होंगे, के कार्य प्रगतिरत है। प्रगतिरत 109 योजनाओं के 32,700 ग्रामों में से 2,774 ग्रामों में जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 3,076 करोड़ रूपये लागत की 1,563 ग्रामों की 6 योजनायें निविदा प्रक्रिया में है,



जिनके कार्यादेश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। बताया गया कि बुरहानपुर जिले को उत्कृष्ठ प्राईम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 2022 के लिये स्वच्छ जल हर घर जल योजना के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा 20 अप्रैल 2023 को बेस्ट परफार्मिंग जिले की श्रेणी में अभिस्वीकृति दी गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर गत 4 मार्च को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की गरिमामय उपस्थिति में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप से जल वितरण योजना के तहत संचालन एवं संधारण में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाली बहन श्रीमती अनिता चौधरी, ग्राम मोहखेड़ समूह ग्राम योजना, जिला छिंदवाड़ा को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

### केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हुआ फैसला

## छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भी भाजपा आजमाएगी मप्र का फार्मूला

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव-2024 के पहले इस साल के आखिर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। मध्य प्रदेश में पार्टी अभी तक तीन केंद्रीय मंत्रियों व सात सांसदों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है।

इसी तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ व राजस्थान में केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। इसका फैसला गत रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की बची 69 सीटों के लिए भी नाम तय कर दिए हैं। एक-दो दिन में ही इनका ऐलान किया जा सकता है। जबकि सूबे के लिए 21 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की सत्ता में फिर से वापसी के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लगातार सूबे का दौरा कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी कुछ बड़े चेहरों प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ ही केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, दुर्ग विजय बघेल सांसद को चुनावी अखाड़े में उतारा जा सकता है। वहीं भाजपा ने राजस्थान के लिए 54 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। ये सीटें वे हैं,जहां भाजपा पिछली बार चुनाव हार गई थी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी राजस्थान में भी तीन केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौधरी के अलावा चार सांसदों राज्यवर्धन सिंह राठौर, दिया कुमारी, राहुल कासवन और बाबा बालक नाथ को मैदान में उतार सकती है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उलझाने के लिए उनके सामने गजेंद्र सिंह शेखावत को मैदान में उतारा जाय। माना जा रहा है कि राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची चौकाने वाली हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है।

भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, देवेंद्र फडणवीस, बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और भूपेन्द्र यादव सहित केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल अन्य नेता भी मौजूद रहें।

# अहिंसा का संदेश देने दौड़ा भोपाल



## चरखा प्रदर्शनी भी लगी

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा सोमवार को वन्यप्राणी संरक्षण दौड़ और चरखा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

वन मंडल, भोपाल के सहयोग से अहिंसा और वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति आम नागरिकों के मध्य जागरूकता फैलाने के लिए यह दौड़ वन विहार के भदभदा रोड स्थित द्वार से शुरू होकर भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, स्मार्ट सिटी तिराहा, जनजातीय संग्रहालय तिराहा से आगे मानव संग्रहालय पहुंची। प्रतिभागी यहां भारत के विभिन्न प्रांतों एवं समुदायों से संकलित भौतिक संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय कर बोट क्लब पहुंचे, जहां वन विहार के प्रवेश द्वार क्रमांक एक पर दौड़ का समापन हुआ। इस दौड़ की दूरी साढ़े 6 किलोमीटर थी, जिसमें करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए।

इसी प्रकार देश के विभिन्न हिस्सों से संकलित पारम्परिक चरखों पर शैलकला प्रदर्शनी भवन में एक विशेष प्रदर्शनी चरखा भारत की सांस्कृतिक एकता और उद्यमिता का प्रतीक का उद्घाटन पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी आजादी का प्रतीक होने के साथ ही साथ आत्मनिर्भरता और शारीरिक मेहनत के माध्यम से स्वतंत्रता की भावना को प्रत्येक परिवार में रोजगार और उचित आय अर्जित कर स्वाधीनता का संदेश देती है। इससे पूर्व गांधीजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके उनके देश के प्रति समर्पण से संबंधित संस्मरण को याद किया गया। तत्पश्चात संग्रहालय कर्मियों,एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा वीथी संकुल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# गरीब में बसते थे गांधी के रामः विजय बहादुर

## समता का समाज ही गांधी का रामराज : रघु



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती पर आज लोहिया सदन में विचार गोष्ठी का कार्यक्रम हुआ, जिसका विषय बापू के राम था । गोष्ठी के प्रमुख वक्ता देश के प्रसिद्ध आलोचक डॉ विजय बहादुर सिंह ने कहा कि गांधी के राम आसन और प्रतिमा में नहीं थे बल्कि गरीब की रोटी में थे, वे कहते थे कि दरिद्र नारायण ही मेरे ईश्वर हैं। आज गांधी के राम को याद करने की आवश्यकता है, यानी देश के गरीबों की चिंता करने की आवश्यकता है।

अध्यक्षीय भाषण में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि आजकल सरकारें अरबों रुपया खर्च कर राम मंदिर बना रही हैं और दूसरी तरफ आम आदमी के बीच में बसे हुए राम भुखमरी और बेरोजगारी की गोद में हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर बनाना वह भी राजकोष से यह सरकार का दायित्व नहीं है। जब सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था तब तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल के पूछने पर बापू ने कहा था कि सरकारी खजाने से मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए, बल्कि जन सहयोग से होना चाहिए। सरदार पटेल ने उनका आदेश माना और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों का सम्मान किया। लेकिन आजकल तो सरकारी राजकोष से मंदिरों का पुनर्निर्माण कर रहीं हैं। राजकोष से मंदिरों के दर्शन किए जा रहे हैं और संविधान और बापू का मखौल उड़ा रहीं है। यह कोई धर्म नहीं है बल्कि यह तो अधर्म है। दुखद है कि लगभग सभी सत्ताकांक्षी राजनैतिक दलों में ऐसी ही होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि बापू के राम को अपने अंतरात्मा में खोजना होगा और अपने ही भीतर राम की मर्यादा और विचारों का मंदिर बनाना होगा।

प्रारंभ में स्वागत भाषण समता ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन जैन ने दिया। उन्होंने ट्रस्ट की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ट्रस्ट निरंतर समाजवादी साहित्य का प्रकाशन और अन्य प्रकार के समाज कल्याण के कार्य करता है। उसका सारा खर्च हम लोग आपस में मिलकर उठाते हैं। हम सरकारों और सेठों के आगे हाथ नहीं फैलाते। गोष्ठी का संचालन लोहिया पुस्तकालय की संचालक डॉ.शिवा श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में लाल भाईजान, मकसूद भाई, श्रीमती मकसूद पूर्व पार्षद, प्रताप मलिक, अजय श्रीवास्तव, मूलचंद धारिया, केपी सिंह शानू उपस्थित थे।

# पति से विवाद के बाद चौथी मंजिल से कूदी पत्नी, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** कटारा हिल्स इलाके में रविवार देर रात एक महिला ने चौथी मंजिल अपने घर की बालकनी से छलांग लगाकर जान दे दी। बताया गया है कि महिला का अपने पति से विवाद हुआ था। इसके बाद में वह गुस्से में अपने घर में कमरे में चली गई और कमरा बंद कर बालकनी से कूद गई। उसे तत्काल एम्स अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

कटारा हिल्स पुलिस ने बताया कि 34 वर्षीय भारती पटिल टिपिन सेंटर चलाया करती थी। वह अपने पति देवेंद्र पटिल के साथ निकुंज हाइट्स नाम इमारत की चौथी मंजिल पर रहती थी। उनकी शादी को करीब 12 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है,लेकिन कोई संतान नहीं थी। उसका पति देवेंद्र एक शराब कंपनी में काम करता है। बताया गया है कि रविवार को भारती के भाई का जन्मदिन था, सभी का वहां पर निमंत्रण था। भारती का पति नौकरी पर होने के कारण उसमें नहीं गया था, रात में करीब 12 बजे के बाद वह घर पहुंचा। इसी बीच भारती भी अपने घर आ गई थी। देवेन्द्र ने घर आते ही भारती से खाना मांगा तो भारती ने बताया कि सिलेंडर नहीं था तो खाना कैसे बनता। इसको लेकर दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद भारती गुस्से में कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर कमरे की बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। गिरने के बाद महिला को सिर में अंदरूनी चोट लगी थी। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने फिलहाल महिला के पति से बयान दर्ज किए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद महिला के पति के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण भी दर्ज किया जा सकता है । बताया गया है कि महिला अपने जिस फ्लेट से कूदी थी, उसकी ऊंचाई 40 फीट के करीब है।

# पति ने पुल से धक्का देकर की थी पत्नी की हत्या

**भोपाल, देशबन्धु।** नजीराबाद थाना पुलिस ने एक महिने पहले हुई महिला की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। उसकी हत्या पति ने पुल से धक्का देकर की थी। पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 30 अगस्त को ग्राम अमरपुर से लगी पार्वती नदी में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मृतका कि पहचान मलावर राजगढ़ निवासी 28 वर्षीय वर्षा पति गोलू मेहर रूप में की थी। इसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर उसके परिजनों से पूछताछ की तो उन्होंने ससुरल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इससे पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने परिचितों, रिश्तेदारों से पूछताछ कर और सीसीटीवी की तस्वीरें देखकर साक्ष्य इक्ट्ठे किए। इससे आखिरी बार उसको पति के साथ देखा गया था। इससे पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने पत्नी वर्षा की हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि संतान न होने से उसका वर्षा से विवाद होता था। वह 28 अगस्त को भोपाल से वापस मलावर लौटते समय रात करीब दस बजे प्रेम प्रसंग के आरोपों के चलते विवाद हो गया था। इससे पार्वती पुल पर मोटर साइकिल खड़ी कर वर्षा को नदी में धक्का दे दिया था। पुलिस ने आरोपी पति गोलू मेहर और उसके पिता गणेश राम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# बिजली कर्मचारियों ने किया बड़े प्रदर्शन का एलान



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बिजली कर्मचारियों ने बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसके तहत बिजली कर्मचारी 6 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जबकि सोमवार को उन्होंने गांधी प्रतिमा के सामने उपवास और भजन-कीर्तन किए।

बिजली कंपनी के प्रमुख संगठन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम, पॉवर इंजीनियर्स एंव एम्पलाइज एसोसि?एशन ने विद्युत क्षेत्र को बचाने एवं नियमित, संविदा, आउटसोर्स, पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए संयुक्त रूप से लड़ने का निर्णय लिया है। इसके चलते हर जिले में जिला प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। वहीं बिजली कर्मचारियों ने सोमवार को गांधी प्रतिमा के सामने बिजली मुख्यालय गोविंदपुरा पर उपवास और भजन-कीर्तन किया। जिला, संभाग स्तर पर भी प्रदर्शन हुआ।

## आयुष चिकित्सक भूख हड़ताल पर बैठे

भोपाल, देशबन्धु। आयुष चिकित्सकों ने स्टायपेंड (शिष्यवृत्ति) बढ़ाने, विभागों में भर्ती करने, छुट्टी देने समेत अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। वे पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज परिसर में भूख हड़ताल कर रहे हैं। भूख हड़ताल में कॉलेज के करीब साढ़े चार सौ छात्र-छात्राएं, इंटर्न, गृह चिकित्सक, पीजी स्कॉलर्स शामिल हैं। गौरतलब है कि यह लोग पिछले 10 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन मांगों को लेकर सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने अब भूख हड़ताल शुरू कर दी है। आयुष चिकित्सकों ने आज राज्य ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ भी किया।

# समाज उत्थान में कायस्थों का विशेष योगदान : कमलनाथ




**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर एक अक्टूबर को व्हाइट हाउस के प्रांगण में चित्रांश बंधुओ का महा समागम आयोजित किया गया। इसमें शहर और आसपास के जिलों से आए हुए सैकड़ो कायस्थ परिवारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय , शास्त्री जी के प्रपोत्र एव एआईसीसी के पूर्व महासचिव विभाकर शास्त्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, श्रेया शंकर, मिस इंडिया 2019 एवं मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने समागम को उदबोधित किया। इसी अवसर पर समाज के गौरवशाली व्यक्तियों का सम्मान किया गया। एवं साथी हाथ बढ़ाना स्मारिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के संचालक मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम से कायस्थ एकता और मिलकर काम करने की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा।

## स्कूली खिलाड़ियों के भत्तों में वृद्धि

**भोपाल, देशबन्धु।** विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि के निर्देश दिए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार क्रीड़ा अंशदान राशि से आयोजित होने वाली जिला एवं संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए दैनिक भत्ता राशि 90 रुपए से बढ़ाकर 135 रुपए एवं गणवेश राशि साढ़े 4 सौ रुपए से बढ़ाकर 675 रुपए की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि सौ रुपए से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपए एवं गणवेश राशि 5 सौ रुपए से बढ़ाकर साढ़े 7 सौ रुपए की गई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि डेढ़ सौ रुपए से बढ़ाकर ढाई सौ रुपए एवं गणवेश के लिए 12 सौ रुपए से बढ़ाकर 18 सौ रुपए की गई है।

# क्राइम ब्रांच ने 48 घंटे में 12 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

## साढे 3 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई कर बीते 48 घंटे में 12 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 340 लीटर अवैध शराब जब्त की गई ह, । जिसकी कीमत करीब साढ़े 3 लाख रुपए बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शेलेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि शराब तस्करों के खिलाफ क्राइम ब्रांच की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

क्राइम ब्रांच द्वारा जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें संजय तिवारी पिता राधेश्याम तिवारी उम्र 40 साल निवासी म.न. 640 नेहरू मार्केट के पास डबल स्टोरी बरखेडा भेल मजदूरी करता है। उसके खिलाफ पूर्व में कुल 5 अपराध दर्ज हैं। आरोपी के कब्जे से 24.93 लीटर अंग्रेजी व 14.70 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। दशरथ मासले पिता धनीराम मासले उम्र 46 साल निवासी म.न 1154 सी सेक्टर अन्ना नगर थाना गोविन्दपुरा मजदूरी करता है। उसके कब्जे से 9 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। पप्पू उर्फ रहमान अली पिता सलीम अली उम्र 54 साल निवासी राहुल नगर झुग्गी टेकरी थाना बैरागढ़ मजदूरी करता है। उसके कब्जे से 18 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। कमलेश उर्फ मोसिया पिता नारायण सेन उम्र 50 साल निवासी भगवती नगर झुग्गी थाना कटारा हिल्स भोपाल मजदूरी करता है। उसके कब्जे से 19 लीटर अंग्रेजी, 82 लीटर देशी शराब शब्त की गई है। अरुण अहीरे पिता रामदास अहीरे उम्र 28 साल निवासी म.न. 600 बंगाली कालोनी पंचशील नगर मजदूरी करता है। उसके खिलाफ थाना टीटी नगर में 19 अपराध दर्ज हैं। उसके कब्जे से 10 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। अजय लोंडे पिता कन्हैया लोंडे उम्र 32 साल निवासी म.न. 985 कालीजी का मंदिर के पास बंगाली कालोनी पंचशील नगर मजदूरी करता है। उसके कब्जे से 54 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। संदीप पटेल पिता नरेन्द्र पटेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम कुसनेर थाना पनागर जिला जबलपुर हाल पता अंग्रेजी कलारी के पास अन्ना नगर मजदूरी करता है। आरोपी के कब्जे से 18 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। विजय राय पिता हजारी लाल राय उम्र 40 साल निवासी चीन पहाडी थाना बंडा जिसा सागर हाल पता मीणा जी का मकान मस्जिद के पास बंगरसिया



मिसरोद मजदूरी करता है। उसके कब्जे से 20 लीटर देशी, 3 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। दीपक उर्फ कल्लू कुचबदिया पिता विन्द्रावन कुचबदिया उम्र 28 साल निवासी म.न 36 गली नंबर 04 द्वारका नगर स्टेशन बजरिया भोपाल मजदूरी करता है। उसके कब्जे से 36 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। रुपसिंह कुशवाह पिता मेघराज सिंह कुशवाह उम्र 23 साल निवासी वार्ड न. 1 टीटी नगर उदयपुरा जिला रायसेन से 20 लीटर देशी शराब जब्त की गई है। मुकेश गोंडाने पिता झनकलाल गोडाने उम्र 33 साल निवासी म.न टी-1/बी-1 अर्जुन नगर फेस-2 टीटी नगरे से 9 लीटर अंग्रेजी शराब की गई है।


### न्यायालय आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय बैतूल

(पुराना कलेक्ट्रेट परिसर बैतूल)

प्रकरण क्रं. 05/2023 डब्ल्यु सी एक्ट फैटल विविध

**सूचना पत्र**

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक दम्मूलाल पिता बलमू धुर्वे निवासी चन्द्रशेखर वार्ड बैतूल जिला बैतूल की दिनांक 07.04.2023 को कार्य के दौरान मृत्यु होने से नियोक्ता म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बैतूल द्वारा क्षतिधन राशि रुपये 907875/- शब्दों में नौ लाख सात हजार आठ सौ पचहत्तर मात्र जमा किया गया है।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बावत हेतु श्रवण तिथि **08.11.2023** नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, गवाह, राशन कार्ड व संविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि **08.11.2023** को प्रातः 11 बजे प्रस्तुत करें।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित ना करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथ को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **25.09.2023** को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**शिवकुमार डाबर**
**आयुक्त कर्मकार प्रतिकर अधिनियम बैतूल**

### न्यायालय आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय बैतूल

(पुराना कलेक्ट्रेट परिसर बैतूल)

प्रकरण क्रं. 15/2023 डब्ल्यु सी एक्ट फैटल विविध

**सूचना पत्र**

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक आकाश पिता भीमराव बागद्रे निवासी जामगांव पो/थाना साईखेड़ा जिला बैतूल की दिनांक 14.02.2019 को कार्य के दौरान मृत्यु होने से नियोक्ता शाखा प्रबंधक आई.एफ.एफ.सी.डी. टोकियो जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा क्षतिधन राशि रुपये 1384948/- शब्दों में (तेरह लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़तालीस) मात्र जमा किया गया है।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बावत हेतु श्रवण तिथि **07.11.2023** नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, गवाह, राशन कार्ड व संविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि **07.11.2023** को प्रातः 11 बजे प्रस्तुत करें।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित ना करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथ को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **25.09.2023** को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**शिवकुमार डाबर**
**आयुक्त कर्मकार प्रतिकर अधिनियम बैतूल**

### न्यायालय आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय बैतूल

(पुराना कलेक्ट्रेट परिसर बैतूल)

प्रकरण क्रं. 21/2023 डब्ल्यु सी एक्ट फैटल विविध

**सूचना पत्र**

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक सुंदरलाल पिता नवनकिशोर राठौर निवासी प्रताप वार्ड टिकारी जिला बैतूल की दिनांक 14.01.2014 को कार्य के दौरान मृत्यु होने से नियोक्ता शाखा प्रबंधक दि. ओरियटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा क्षतिधन राशि रुपये 1013670/- शब्दों में (दस लाख तेरह हजार छः सौ सत्तर) मात्र जमा किया गया है।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बावत हेतु श्रवण तिथि **08.11.2023** नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, गवाह, राशन कार्ड व संविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि **08.11.2023** को प्रातः 11 बजे प्रस्तुत करें।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित ना करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथ को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **25.09.2023** को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**शिवकुमार डाबर**
**आयुक्त कर्मकार प्रतिकर अधिनियम बैतूल**


# गरबे में झूमेगा भोपाल का सिंधी समाज

## 18 से 21 अक्टूबर तक होगा आयोजन, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** 15 अक्टूबर प्रारंभ हो रहे है नवरात्र महोत्सव के भक्ति को और भी आनंदित करने के लिए सिंधी मेला समिति द्वारा इस वर्ष भी भोपाल के सिंधी समाज के लिए संस्कृति गरबा महोत्सव में गरबा व डांडिया का आयोजन किया जाएगा।



समिति द्वारा गरबा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों को उनके उनके कार्यों की ज़िम्मेदारी सौपी गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि 18 से 21 अक्टूबर तक चार दिवसीय सांस्कृतिक सिंधी गरबे का आयोजन लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में साय 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। इस गरबे में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को 25 दिन का प्रशिक्षण भोपाल के 9 अलग अलग केन्द्रों पर प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा दिया जा रहा है, जिसमें अभ्यर्थियों को गरबा के पारंपरिक नित्य की अलग अलग विधायें सिखाई जा रही है। श्री दरयानी ने बताया कि मुख्य आयोजन के लिये राष्ट्रीय प्राप्त कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिनके द्वारा हिन्दी सिंधी गुजराती गीतों की प्रस्तुति दी जायेंगी, जिससे गरबे में सिंधी समाज के लोग गरबा व डांडिया करने का आनंद उठा सकेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सिंधी मेला समिति के समिति के संरक्षक भगवानदास सबनानी, महासचिव नरेश तलरेजा, घनश्याम पंजवानी, हरीश नागदेव, ठाकुर पंजवानी, रवि आनंद, हरीश मेघानीं, राम आसुदानीं, सहित समाज के लोग एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित हुई।

## गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन में लापरवाही का किया विरोध

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर गणेश उत्सव विसर्जन में लापरवाही करने के विरोध में जिम्मेदार अधिकारियों का विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पंडित रवि पटेरिया के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता भी की गई, जिसमें विश्व हिंदू परिषद जिले के मंत्री भूपेंद्र सिंह गुर्जर, जय भवानी संगठन के प्रमुख भानु हिन्दू ने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान जिम्मेदारों ने सनातन धर्म के आराध्य गणेश जी की मूर्तियों को जिस प्रकार से फेंका है, उसने कहीं ना कहीं हमारी आस्था को ठेस पहुंचाई है। सकल हिन्दू समाज इसका घोर विरोध करता है । उन्होंने कहा कि आगामी दुर्गा उत्सव पर हिंदू संगठन अपने- अपने पदाधिकारी विसर्जन घाट पर तैनात करेंगे । साथ ही पुलिस प्रशासन से भी अपील की शांति समिति की बैठक 10 दिन पहले की जाए और उक्त बैठक में सभी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे।

# मास्टर प्लान रद्द होगा, नए सिरे से काम करेंगे: रामेश्वर

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मास्टर प्लान-2031 पर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने फिर सवाल उठाए हैं। सोमवार को उन्होंने कहा कि हमने इस मास्टर प्लान को रद्द करने की बात कही है और यह रद्द होगा। मास्टर प्लान पर हम नए सिरे से काम करेंगे।

विधायक श्री शर्मा ने कहा कि जिन्होंने तालाब बचाया है, उन किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। किसानों की जमीन कृषि क्षेत्र में ही रहेगी। निर्माण की अनुमति मिलेगी तो ठीक नहीं तो मास्टर प्लान नहीं आएगा। प्लान में कैचमेंट, उद्योग एवं कृषि उद्योग आदि पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान या नागरिक को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस मास्टर प्लान को हमने रद्द करने की बात कही है और यह रद्द होगा। नए सिरे से मास्टर प्लान पर हम काम करेंगे। किसान की जमीन कृषि थी या होगी, उसे आवासीय या दूसरे क्षेत्र में लाया जाएगा, जिससे किसान के परिवार को लाभ हो। उन्होंने कहा कि जीवन छिनने का काम सरकार नहीं करेगी, बल्कि उसका जीवन बनाने का काम करेगी। किसानों को आंदोलन करने की जरूरत भी नहीं है, मैं उनके साथ हूं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आपत्तियों की सुनवाई के दौरान भी श्री शर्मा नाराजगी जता चुके हैं। उस वक्त वे कई बिंदुओं पर जमकर नाराज हुए थे।

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# पुरानी पेंशन योजना लागू करे केन्द्र

पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में शासकीय कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें 20 राज्यों के लाखों कर्मचारी शामिल हुए। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वावधान में किया गया था। 'पेंशन शंखनाद महारैली' के नाम से आयोजित इस रैली का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना था। इतनी विशाल संख्या में हुए प्रदर्शन से साफ है कि कर्मचारियों का रुझान पुरानी पेंशन योजना की ओर है और उसे नयी पेंशन योजना बिलकुल रास नहीं आ रही है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार पुरानी योजना को फिर से लागू करना चाहिये क्योंकि वही कर्मचारियों के पसंद की है और उनके हित में भी।

वैसे तो इस मसले को राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिये लेकिन यह सच है कि नयी योजना को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार व उसके शासित ज्यादातर राज्यों की सरकारों का समर्थन है। दूसरी तरफ जहां गैर भाजपायी सरकारें हैं और उन राज्यों के कर्मचारी हैं, वे पुरानी स्कीम चाहते हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब में तो इसे लागू करने का फैसला भी लिया जा चुका है। रविवार को एकत्र हुआ कर्मचारियों का हुजूम बतलाता है कि यह मुद्दा न केवल इस साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2024 में निर्धारित लोकसभा चुनावों पर भी असर करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2004 में यूपीए की सरकार ने पुरानी योजना की जगह पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी जो शेयर बाजार और अन्य निवेशों पर आधारित है। शेयर बाजार की स्थिति के आधार पर रिटर्न का भुगतान होता है। पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) में सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन (बेसिक सैलरी) के 50 फीसदी तक निश्चित पेंशन मिलती है। एनपीएस में रिटायरमेंट के समय निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं होने से यह कर्मचारियों की पसंद नहीं रह गयी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों के वेतन से कोई कटौती नहीं होती थी जबकि एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी की कटौती होती है। इतना ही नहीं, नई पेंशन स्कीम में ग्रेच्युटी प्राविडेंट फंड उपलब्ध नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में यह सुविधा कर्मचारियों को मिलती है। पुरानी पेंशन योजना के और भी कई फायदे हैं। ओपीएस में रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता और मेडिकल बिलों की सुविधा भी दी जाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 20 लाख रुपये तक की ग्रेजुएटी की रकम भी मिलती है। इस योजना के तहत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय की तनख्वाह की आधी राशि के बराबर की पेंशन मिलती है जिसका निर्धारण तत्कालीन वेतनमान एवं महंगाई सूचकांक के अनुसार होता है। साथ ही, कर्मचारी की मौत होने पर यह राशि उसके परिजनों को दी जाती है।

इस तरह देखें तो वर्तमान परिस्थितियों में यही पेंशन स्कीम कर्मचारियों के व्यापक हित में है। तत्कालीन सरकार ने जब इसे बन्द किया था तब का आर्थिक परिदृश्य काफी अलग था। देश की अर्थव्यवस्था बड़ी ऊंचाइयों पर थी। 1991 में आई नयी अर्थप्रणाली ने कार्पोरेट जगत को गतिशील बना दिया था जिसमें शेयर बाजारों में किया गया निवेश शर्तिया तौर पर फायदेमंद साबित होता था। 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ने निजी सेक्टर को काफी कमजोर किया था, बावजूद इसके कि भारत पर मंदी का बड़ा असर नहीं पड़ा था, लेकिन शेयरों में निवेश करना जोखिम पर आधारित अधिक हो चला था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था मुट्ठी भर कारोबारियों के लिये ही फायदेमंद रह गई है। पहले उद्योग-धंधों का स्वरूप विकेन्द्रित था। अब कुछ ही लोगों के शेयर उछाल मारते दिखते हैं जबकि ज्यादातर कम्पनियों के शेयरों में निवेश करना फायदे की गारंटी नहीं रह गई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग करना एवं नयी योजना को नकारना दरअसल निवेश बाजार की गिरती साख का प्रतीक है। कर्मचारियों को पेंशन उनकी उम्र भर की कड़ी मेहनत से अर्जित की हुई होती है जिस पर उसकी सामाजिक सुरक्षा का पूरा भार होता है। इसी पेंशन के बल पर वे अपने बचे सपनों को पूरा करते हैं। बची आयु की रोजी-रोटी का जुगाड़ उसकी पेंशन से ही होता है और उसकी मृत्यु के बाद उसकी विधवा एवं नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण भी इसी के जरिये सम्भव है। इस मुद्दे को इस लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिये कि इसे किसने लागू किया या बन्द किया। इसका सम्बन्ध लाखों शासकीय कर्मचारियों के जीवन से जुड़ा हुआ है।

कुछ अरसा पहले राजस्थान में पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान सर्वप्रथम हुआ जिसका वहां के कर्मचारियों ने दिल से स्वागत किया है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी भी इससे खुश हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरानी स्कीम का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन किया है कि दिल्ली के कर्मचारियों को पुरानी योजना के अनुसार पेंशन देने का ऐलान करे। कर्मचारियों की मांग जायज है अत: केन्द्र सरकार को चाहिये कि उनकी इच्छा के अनुरूप पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। देखना होगा कि सामान्य रूप से जायज मांगों को पूरा करने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों की बात मानती है या नहीं। उन्हें इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। इससे राजकोष पर भार तो बढ़ेगा लेकिन कर्मचारियों के व्यापक हित में उसे इस पहलू पर ध्यान नहीं देना चाहिये।

# भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!

अक्सर कहा जाता है कि किसी देश की विदेश नीति, उसकी घरेलू नीति का ही विस्तार होती है। लेकिन, हरेक सामान्यीकरण की तरह, इस सूत्र में भी एक हद तक ही सच्चाई है। भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजा बिगाड़ के सिलसिले में इस सच्चाई को याद रखना और भी जरूरी है। आखिरकार, कहा-सुनी के ताजा चक्र में कनाडा और भारत, एक-दूसरे पर विदेशी नीति के कदमों से, घरेलू तुच्छ राजनीतिक हित साधने के ही तो आरोप लगा रहे हैं। अगर भारत सरकार, कनाडा की ट्रूडो सरकार पर, अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कनाडा को आधार बनाकर खासतौर पर भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे, खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतने से लेकर उन्हें संरक्षण देने तक के आरोप लगा रही है, तो दोनों देशों के रिश्तों में मौजूदा बिगाड़ आया ही ट्रूडो के अपने देश की संसद में खड़े होकर यह आरोप लगाने के बाद आया है कि कनाडा निवासी किंतु भारत में आतंकवाद के लिए वांछित, खालिस्तान समर्थक नेता, निज्जर की हत्या में, भारतीय एजेंसियों का हाथ लगता है।

विदेश नीति के कदमों से सीधे-सीधे घरेलू राजनीतिक स्वार्थ साधे जाने के आरोपों के बाद, मामला सिर्फ कहा-सुनी तक सीमित नहीं रह सकता था और नहीं रहा है। ट्रूडो के संसद में उक्त आरोप लगाने के बाद ही, कनाडा ने सुरक्षा मामलों से जुड़े भारत के एक शीर्ष राजनयिक अधिकारी को निष्कासित भी कर दिया तथा बात और भी बिगाड़ते हुए, उसका नाम मीडिया में लीक भी कर दिया। जवाब में भारत ने भी, आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही, कनाडा के एक राजनयिक को इसी प्रकार निष्कासित कर दिया। दोनों ओर से एक-दूसरे देश के लिए प्रतिकूल ट्रेवल एडवाइजरी जारी किए जाने के एक चक्र के बाद, अंतत: भारत ने कनाडा के लिए वीजा सेवाओं पर भी रोक लगा दी है। उसके ऊपर से कनाडा पर कूटनीतिक सुविधाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए, उसे भारत में अपने मिशन को सिकोड़ने के लिए भी कह दिया गया।

दुर्भाग्य से, भारत के इस 'मुंह तोड़' जवाब के बाद भी, कनाडा के पांव पीछे खींचने और तनाव में कमी के, कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। उल्टे इस बीच कनाडा ने निज्जर मामले में अपने आरोपों पर यह कहकर जोर और बढ़ा दिया है कि उसके पास भारतीय कूटनीतिज्ञों के संवादों के रूप में खुफिया जानकारियां हैं, जो संदेहों को पुख्ता करती हैं। इस दौरान उसने यह कहकर कि ये साक्ष्य उसे फाइव आईज़ नाम की, पांच पश्चिमी देशों की साझा खुफिया व्यवस्था में शामिल एक अन्य देश के जरिए हासिल हुए हैं, इस मामले में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी ताकतों को भी खींच लिया है। फाइव आईज़ में अमेरिका तथा कनाडा के अलावा यूके, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए, अमेरिका समेत इन पश्चिमी ताकतों ने भी इन खुफिया जानकारियों को आम तौर पर स्वीकार ही किया है और कनाडा के आरोपों को गंभीर बताते हुए, भारत से जांच में सहयोग करने का ही आग्रह किया है। अब तक यह भी एक प्रकार से साफ ही हो चुका है कि ट्रूडो जिन खुफिया जानकारियों की दुहाई दे रहे हैं, वास्तव में फाइव आईज़ के हिस्से के तौर पर खुद अमेरिका द्वारा ही मुहैया कराई गई थीं।

जाहिर है कि यहां आकर यह विवाद, महज भारत-कनाडा विवाद नहीं रह गया है बल्कि कहीं बड़ा रूप ले चुका है। वास्तव में इस विवाद के ट्रूडो के संसद के बयान के जरिए सार्वजनिक होने के बाद से, यह जानकारी भी सामने आ चुकी है कि इससे पहले से कनाडा, भारत के साथ यह मामला उठा रहा था। यहां तक कि जी-20 के दौरान, विशेष रूप से मोदी-ट्रूडो की उप-वार्ताओं में न सिर्फ यह मुद्दा उठा था बल्कि उस पर तीखे मतभेद भी सामने आए थे। इतना ही नहीं, उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया था और भारत तथा कनाडा के बीच बात बिगड़ने से बचाने की कोशिश की थी। बहरहाल, इस विवाद के सामने आने के बाद से पश्चिमी ताकतों का आम तौर पर जो रुख देखने को मिल रहा है, उससे इतना तो साफ ही है कि भारत उनसे, बीच-बचाव कराने से ज्यादा मदद या समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है।



राजेन्द्र शर्मा

**कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है।**

इसे देखते हुए, कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है, जिसका वह भारत को और दबाकर अपने खेमे में बांधे रखने के लिए इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में भारत में जिस तरह वास्तविकता में कानून का राज कमजोर हुआ है और एन्काउंटर से लेकर बुलडोजर तक के 'न्याय' को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसने शेष दुनिया की नजरों में ''यह भारत की नीति नहीं है'' के हमारे खंडनों की साख को बहुत घटा दिया है। इज़रायल की मोसाद जैसी एजेंसियों की इसी तरह की कार्रवाइयों को वर्तमान भारतीय शासन किस तरह अनुकरणीय उदाहरण की तरह देखता है, जाहिर है कि यह भी बाकी दुनिया से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन, यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि इज़रायल, पश्चिमी ताकतों के समर्थन के बल पर ही, दूसरे देशों की धरती पर अपने विरोधियों को खत्म या लिक्विडेट करने की कार्रवाइयां जारी रखे सका है। और सब कुछ के बावजूद भारत, पश्चिमी ताकतों के वैसे अकुंठ समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है, जैसा समर्थन जाहिर है कि पश्चिम के अपने ही घरेलू राजनीतिक नीतिगत कारणों से, इज़रायल को सहज उपलब्ध है।

इन हालात में भारत को सरकार के घरेलू समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए जैसे को तैसा जवाब देने के लालच में फंसने के बजाय, बारीक तथा धीरज की मांग करने वाले, कूटनीतिक तरीकों से ही रिश्तों की इस उलझी हुई गांठ को खोलने की कोशिश करनी चाहिए। कनाडा के लिए वीजा सेवाएं बंद करने जैसे कदम, ऐसी ही जवाबी प्रतिक्रिया के साथ, टकराव को और बढ़ाने के अलावा, कनाडा में रह रही भारतीय मूल के लोगों की खासी आबादी के लिए और कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्रों की विशाल संख्या के लिए भी, परेशानी बढ़ाने का ही काम करेंगे। याद रहे कि पिछले साल कनाडा ने तीन लाख से ज्यादा भारतीयों के लिए वीजा दिए थे और भारत ने उससे थोड़े ही कम कनाडावासियों के लिए। इस विशाल संख्या को, बिगड़े रिश्ते की गांठ को खोलने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में ही समझदारी है, न कि उसे गुरुगांठ में तब्दील करने का बहाना बनाने में।

इधर देश के अंदर, कनाडा स्थित नामित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी, गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब स्थित संपत्तियों को जब्त करने के फौरन बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने अपनी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ाया है। उसने कनाडा, अमेरिका, यूएई, आस्ट्रेलिया आदि में जमे, ऐसे 19 वांछितों की सूची जारी कर, उनके ओसीआई कार्ड रद्द कराने की तथा उनकी भारत स्थित संपत्तियों की पहचान से शुरू कर, आर्थिक मुश्कें कसने की कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं। ये कार्रवाइयां सबसे पहले तो इन सभी के लिए भारत के दरवाजे बंद करेंगी। ये कार्रवाइयां चूंकि मूलत: अपने बचाव की कार्रवाइयां हैं, इसलिए इन पर अगर कोई वास्तविक सवाल उठ सकता है तो यही कि ये कदम पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? जहां तक विदेश में शरण लिए बैठे खालिस्तान का प्रचार करने वालों का सवाल है, सीधे उन पर इन कदमों का खास असर तो शायद नहीं पड़े, पर ये कदम कम से कम उन्हें शरण देने वाले देशों के सामने भारत की चिंताओं की गंभीरता को तो रेखांकित करेंगे ही और उनकी भारतविरोधी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगाने का भी काम कर सकते हैं।

फिर भी इस सिलसिले में यह याद रखना चाहिए कि भारत में खालिस्तानी आतंकवाद-विरोधी सक्रियता, सिर्फ कनाडा आदि में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर घेरा कसने का काम ही नहीं करेगी, वह खुद हमारे देश में खालिस्तान समर्थकों को पब्लिसिटी मुहैया कराने का भी काम करती है। दूसरे शब्दों में इस मामले में अनुपात तथा संयम का सहारा लेना इसलिए और भी जरूरी है कि कहीं भेड़िया आया, भेड़िया आया का शोर मचाने के चक्कर में, भेड़िये को न्यौत ही नहीं लिया जाए और पंजाब में, जहां अब तक खालिस्तानी आतंकवाद का शायद ही कोई समर्थन है, वास्तव में यह समस्या खड़ी ही नहीं हो जाए। यही इस मामले में विदेश नीति को संकीर्ण घरेलू नीति का विस्तार बनाने का, सबसे बड़े खतरा है। पंजाब में आतंकवाद के दौर तथा पंजाब के आतंकवाद की समस्या से उबरने के संघर्ष के अनेक प्रेक्षक, यह याद दिलाते हैं कि जिस तरह आतंकवाद की समस्या को विस्फोटक रूप दिलाने में, आतंकवाद-विरोधी छद्म युद्ध के तत्कालीन शासकों के कदमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, उसी प्रकार मौजूदा शासन का अनुपातहीन सिख-आतंकवाद विरोधी गर्जन-तर्जन, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में ही मददगार हो सकता है। याद रहे कि मौजूदा शासन को, सिख आतंकवाद का हौवा दिखाकर, उसके विरोध के बहाने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक गोलबंदी को आगे बढ़ाना नागवार नहीं होगा। यह भी याद रहे कि सबसे बढ़कर सिख आतंकवाद/खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के संदर्भ के चलते, पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही भारत और कनाडा के संबंध काफी खुरदुरे बने रहे थे और पिछले एक-डेढ़ दशक में ही उनमें सुधार हुआ था।

अब्दुर्रहीम खानखाना उर्फ रहीमदास ने कहा है:

''रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डार।
जहां काम आवै सुई, कहा करै तलवार।''

यह नहीं भूलना चाहिए कि कूटनीति का क्षेत्र, सुई का क्षेत्र है, वहां तलवार चलाना, काम बिगाड़ ही सकता है। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर, हाल के संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अमेरिका के दौरे के आखिर तक, जिस तरह के सुर की ओर बढ़ते नजर आए, उससे कुछ उम्मीद बनती है कि वर्तमान भारतीय शासन भी अब तक इस विवाद ने जो रूप लिया है, उस पर शेष दुनिया की प्रतिक्रिया से सबक लेकर, यहां से टकराव की जगह, समाधान का ही रास्ता तलाश करेगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया

■ तीर्थंकर मित्र

हरित क्रांति के वास्तुकार मनकोम्बु संबाशिवम स्वामीनाथन के लिए हरा जीवन का रंग था, जिसने भारत की छवि को भीख मांगने के कटोरे से अन्न भरी टोकरी में बदल दिया। एम एस स्वामीनाथन के मन में जीवन पर्यन्त आखिरी सांस तक यह धारणा बनी रही कि भूख गरीबी का सबसे खराब रूप है।

विचारों और विचारधारा के व्यक्ति, स्वामीनाथन ने चावल और गेहूं की उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए साथी वैज्ञानिक नॉर्मनबोरलॉग और अन्य के साथ सहयोग किया। इन उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिकों के कार्य के लिए इससे अधिक उपयुक्त समय पर फलीभूत होने वाला और क्या हो सकता था, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बड़े पैमाने पर उभर रहे खाद्य संकट से निपटने के लिए राष्ट्र से एक दिन का भोजन छोड़ने का आह्वान किया था।

देश को खाद्य संकट से उबारने के लिए शास्त्री के पास स्वामीनाथन से बेहतर कोई कप्तान नहीं हो सकता था। सामने आई चुनौती का जवाब देना केरल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं थी।

**कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।**

1943 के मानव निर्मित बंगाल अकाल से बहुत स्वामीनाथन बहुत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह केरल विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने गरीब किसानों को अधिक उत्पादन करने में मदद करने के लिए कृषि अनुसंधान का उपयोग करने का मन बनाया था। अनजाने में, वह उस व्यक्ति के शब्दों को लागू करने का निर्णय ले रहे थे जिन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कहा था-'कृषि इंतजार नहीं कर सकती।'

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

हालांकि स्वामीनाथन का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन उन्हें जल्द ही यह एहसास हो गया कि भारत में कृषि को अकाल और ग्रामीण आजीविका दोनों से लड़ने के लिए हथियार बनाया जाना चाहिए। उनके साथ काम करने वाले लोगों के साथ मिलकर उनके प्रयासों से चार फसल मौसमों में देश की फसल की पैदावार 120 लाख टन से लगभग दोगुनी होकर 230 लाख टन हो गई।

उपरोक्त आंकड़ों का अक्सर उपहास किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे अनाज आयात पर देश की निर्भरता खत्म हो गई। चीजों की उपयुक्तता में, स्वामीनाथन को उच्च उपज वाले गेहूं और चावल की किस्मों को पुरस्कृत करने में उनकी भूमिका के लिए पहली बार विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत की अर्थव्यवस्था और स्थिति को बदलने वाले वैज्ञानिक को मैग्सेसे, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन भारत रत्न नहीं। शायद उनकी उपलब्धियां इस कसौटी पर खरी नहीं उतरीं और न ही उनकी लॉबी इतनी मजबूत थी।

अगर तत्कालीन महत्वपूर्ण व्यावहारिकता की बात करें तो स्वामीनाथन की विजय अधिक उर्वरक और पानी के अनुप्रयोग के प्रति उत्तरदायी नये सामान्य उपभेदों या 'पौधे के प्रकार' की क्षमता को पहचानने में निहित है। यह याद रखने की जरूरत है कि उनके पास भाखड़ा नांगल बांध और दामोदर घाटी निगम की सुविधाएं थीं। स्वामीनाथन कृषि विज्ञान के नवीनतम विकास से अवगत थे। इसके साथ-साथ उनकी क्षमता भी थी, जो पूरे देश में फसल क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए नौकरशाही कठोरता और राजनीतिक प्रतिष्ठान के माध्यम से काम करने वाले वैज्ञानिकों के समूह के बीच दुर्लभ थी।

भारतीय कृषि क्षेत्र आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन अभी एम एस स्वामीनाथन जैसे व्यक्तित्व का अभाव है जो मिशनरी उत्साह के साथ कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतिक उद्देश्यों का पालन करेगा।

किसी को सी सुब्रमण्यम और बीशिव रामकृष्णन जैसे मंत्रियों और नौकरशाहों को उनका हक देना चाहिए जो वैज्ञानिक राय को महत्व देते थे और साहसिक निर्णय ले सकते थे। बोरलॉग के मैक्सिकन गेहूं के 18,000 टन बीजों का आयात करना एक ऐसा निर्णय था जिसका उल्लेख किया जाना चाहिए। स्वामीनाथन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और उत्साह अल्पपोषण से लेकर पर्यावरणीय क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने में लगे हुए हैं।

हो सकता है इस राज्य (पंजाब) के मुख्यमंत्री से उर्वरक की बढ़ती कीमतों का कारण पूछने पर एक किसान को जेल में डाल दिया गया होगा, और उर्वरक मूल्य वृद्धि की समस्या ने इस प्रख्यात वैज्ञानिक को परेशान कर दिया होगा, और उन्होंने इसे कम करने के लिए खुद ही रास्ता तैयार कर लिया होगा। स्वामीनाथन के कितने ही सपने अधूरे रह गये। लेकिन उन्हें किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जा सकता, अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता है।

स्वामीनाथन द्वारा जलाई गई मशाल को आगे बढ़ाना युवा ब्रिगेड पर निर्भर है। वह और उनकी टीम भारत से होने वाले वैश्विक खाद्य निर्यात के 40 प्रतिशत के लिए पूरे श्रेय के पात्र हैं। जलवायु परिवर्तन और घटते संसाधनों के साथ चुनौती बड़ी है। स्वामीनाथन ने इसका पूर्वाभास किया और एक 'सदाबहार क्रांति' की कल्पना की, जिसे 'पारिस्थितिकी क्षति के बिना निरंतर उत्पादकता में सुधार' द्वारा शुरू किया जा सकता है। ऐसी उनकी दृष्टि थी।

## गुरवाणी विचार

# उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे

जीवन पदवी हरि के दास जिन मिलिआ आतम परगसु।
हरि का सिमरन सुन मन कानी सुख पावहि हरि दुआर परनि।
आठ पहर धिआइऔ गोपाल नानक दरसन देख निहाल।

इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 200 अंग पर सुशोभित है। जो प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन हर वक्त करते रहते हैं। सही मायने में ही प्रभु के दास हैं। हर के सेवक को उच्च आत्मिक दर्जा प्राप्त हो जाता है। उनसे जो भी प्राणी मिलता है उस पर भी इस बात का असर हो जाता है और उन्हें भी आत्मिक ज्ञान मिल पाता है अर्थात उनकी आत्मा को भी प्रकाश मिल जाता है इसीलिए मन को संबोधित करते हुए समस्त जीवों को समझा रहे हैं कि-

ऐ मेरे मन हर वक्त ध्यान लगा कर प्रभु परमात्मा का नाम सुना कर उस की ऐसी संगत में जाया कर जहां केवल प्रभु नाम का कीर्तन कथा होती रहती हो, क्योंकि वहां प्रभु परमात्मा का निवास होता है-विच संगति हरि प्रभु बसे जीओ।

हमें कहीं बैकुंठ जाने का प्रयास नहीं करना है क्योंकि गुरुदेव समझा रहे हैं कि साध संगत में ही बैकुंठ है इसलिए हर वक्त साध संगत में जाकर कीर्तन सुनना, प्रभु परमात्मा का सिमरन करना ही असल बैकुंठ की प्राप्ति है। प्रभु परमात्मा जपते रहने पर प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष नजरें इनायत हो पाएगी। उनकी कृपा दृष्टि मिल जाने पर ही हमारा कल्याण हो पाएगा।

हमें कहीं जंगलों में, पहाड़ों में जाकर तपस्या करने की जरूरत नहीं है परन्तु गृहस्थ जीवन में रह कर अपना कार-विहार करते हुए अपने घर अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए वह भी जरूरी है। कार विहार करते हुए मन प्रभु परमात्मा से जुड़ा रहना चाहिए।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते राम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-
उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे।

अतएव गृहस्थ आश्रम को सब से अच्छा माना गया है। वन-कंदराओंस में रहने वाले साधु संन्यासी को भी गृहस्थी के घर जाकर भिक्षा मांगनी पड़ती है तभी उनका उदर पोषण हो पाता है। बिना गृहस्थी के उनका भी गुजारा नहीं हो पाता इसीलिए गुरुदेव समझा रहे हैं गृहस्थ में रहकर अपना कार विहार करते हुए मन निरंकार से जुड़े रहना चाहिए।

याद रहे कि हमें हमारे पूर्व जनमों के कुछ अच्छे पुण्य कर्मों के कारण हमें यह मानव जनम मिला है इसलिए हमें चाहिए कि प्रत्येक श्वांस का उपयोग प्रभु सिमरन करने में लगाना है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

राम सिमर राम सिमर ऐहो तेरो काज।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्तरूप दिया गया था। समय-समय में सरकारें बदलती रहीं और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढ़ता रहा। आज वर्तमान में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नालॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति में भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण करवाया था।

यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, ब्राजील, इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है।

भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि- मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्तिसंपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

## सार समाचार

### सुरुचि क्लब के स्थापना दिवस पर हुए सांस्कृति कार्यक्रम



**गुना, देशबन्धु।** सुरुचि क्लब द्वारा अपना 16 वां स्थाना दिवस सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस मौके पर अभी तक के कार्यकाल के अध्यक्ष और सचिव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर 16 फोटो से डेकोरेटिव आइटम बनाने की प्रतियोगिता रखी गई और कुछ सरप्राइज क्वेश्चन भी रखे गए। कार्यक्रम में क्लब की फाउंडर सदस्य कविता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, क्लब की अध्यक्ष अंजना गर्ग, सचिव अलका मित्तल, ट्रेजर बबीता अग्रवाल मौजूद रही। इसके अलावा अभी तक के अध्यक्ष, सचिव क्लब के सभी मेंबर्स बोर्ड मेंबर्स नीति तिवारी, निधि मंगल, नीता मंगल, रितु मित्तल, रेखा अग्रवाल, निक्की लांबा, शीतल अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, वर्षा गर्ग, योगिता अग्रवाल, बबीता बंसल और ज्योति अग्रवाल मौजूद रही

### नल धीमे आने से बढ़ी पानी की किल्लत, कॉलोनीवासी परेशान



**गुना, देशबन्धु।** शहर के बजरंगगढ़ बायपास के पास स्थित वार्ड नंबर 20 साई टाउनशिप कॉलोनी में धीमे नल आने से कॉलोनी वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके कारण घरों में पानी भरा नहीं हो पाया। कॉलोनी वासियों ने जब नल चालू करने वाले कर्मचारी दौलत जाटव से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि नल तो सभी जगह के चालू है, फिर नल सेवाएं सुचारू रूप से सही क्यों नहीं चल रही। कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका परिषद से इस समस्या का निराकरण करने की मांग की है कि नलों को सुचारू रूप से सही चलाया जाए जिस की कॉलोनी वासी परेशान ना हो।

### 8 अक्टूबर को करियर काउन्सलिंग और युवा सम्मेलन का आयोजन

**आरोन, देशबन्धु।** युवाओं को कैरियर निर्माण में सहयोग प्रदान करने हेतु पहली वार जैन मिलन परिवार आरोन युवा सम्मेलन के रूप में एक अभिनव पहल की जा रही है। 8 अक्टूबर को व्यापक स्तर पर दोपहर में 12-30 बजे से एक दिवसीय करियर काउन्सलिंग एवं युवा सम्मेलन हम होंगे कामयाब का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक सुनील झंडा ने बताया कि कक्षा 9 में आते ही विद्यार्थियों को यह चिंता सताने लगती है कि वह कक्षा 11 में अब कौन से विषय का चयन करें! अपना स्वयं का व्यापार कैसे प्रारंभ करें। व्यापार एवं शिक्षा के लिए लॉन कैसे प्राप्त करें। शासन द्वारा लागू योजनाओं की जानकारी का अभाव होने के कारण लाभ नही उठा पाते हैं। दिशाहीनता की वजह से वह गलत निर्णय ले लेते हैं और बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। अपने लक्ष्य से भी इसी कारण से वह भटक जाते हैं। विद्यार्थियों एवं युवाओं की इन्हीं समस्याओं को समझते हुए सामाजिक संस्था जैन मिलन द्वारा इस संदर्भ में मार्गदर्शन देने के लिए विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलर के तौर पर विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में बाहर से आये विशेषज्ञ देंगे। जिसमें डॉ. राजेंद्र विजयवर्गीय प्राध्यापक शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल, सतीश चतुर्वेदी पूर्व प्राचार्य शासकीय कस्तूरबा महाविद्यालय गुना, आरके जैन सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र गुना, डॉ. हरिओम सिंह प्राचार्य विद्याभवन पब्लिक स्कूल गुना, रनीश जैन करियर काउंसलर, मार्गदर्शक व प्रेरक प्रयागराज, अनिल बडकुल अल्पसंख्यक द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

#### प्रताड़ना से तंग नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

# शादी के कुछ महीने बाद ही पति ने की दूसरी शादी



**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांर्गत बूढ़े बालाजी क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने पति की बेवपाई और प्रताडऩा से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर ली। महिला की शाादी सवा साल पहले ही हुई थी। उसके पति ने छह महीने पहले एक अन्य महिला से शादी कर ली। जिसके बाद आए पति और उसकी दूसरी पत्नी आए दिन उसके साथ गाली गलौंच और मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। घटना के एक दिन पूर्व ही कथित दूसरी पत्नी ने मृतिका के साथ गाली गलौंच की थी। जिसके बाद पति ने भी उसके साथ दुर्व्यहार किया। देर रात उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजनों ने पति, दूसरी पत्नी और ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।

प्राप्त जानकारी के राघौगढ़ क्षेत्र के ग्राम डोबा निवासी ममता पाल (19) का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व बूढ़े बालाजी निवासी राहुल पाल से हुई थी। इसी के कुछ महीने बाद ही राहुल ने आशा नामक अपनी प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। जिसके बाद राहुल ममता को आएं दिन घर से निकल जाने के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करता था। यहीं नहीं राहुल की दूसरी पत्नी भी आए दिन उसे फोन पर धमकियां एवं गाली गलौंच करती थी। मायके वालों के अनुसार एक महीने पहले ही राहुल ने ममता को करंट लगाने की कोशिश की थी। जब रिश्तेदारों के डर से उनसे माफी मांगकर आगे से मारपीट नहीं करने का विश्वास दिलाया था। लेकिन दूसरी पत्नी ममता को आए दोनों धमकियां दे रही थी। ससुराल पक्ष भी ममता के पक्ष में नहीं था। जिसके चलते ममता ने रविवार रात्रि 11 बजे घर पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी तब लगी जब सोमवार ममता अपने कमरे से नहीं निकली। इस दौरान दीवार में हॉल कर अंदर देखा तो ममता फांसी के फंदे पर लटकी मिली। महिला के परिजनों ने उसके पति, कथित दूसरी पत्नी और ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मायके वालों ने मौके पर पुलिस को दूसरी शादी के फोटो एवं वीडियो भी दिखाए।

#### इनका कहना है

बूढ़े बालाजी इलाके में नवविवाहिता के सुसाइड का मामला सामने आया है। उसने साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। लडक़ी के मायके वालों का आरोप है कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली थी और उसे प्रताड़ित करता था। इसलिए उसने सुसाइड किया है।

**अनूप भार्गव,** टीआई कोतवाली

# गांव-गांव दस्तक देकर जनसम्पर्क कर रहे हीरेन्द्र सिंह 'बंटी बना'

▸ विजयपुर में दो सौ को दिलाई भाजपा की सदस्यता



**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह बंटी बना द्वारा विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क शुरू कर दिया है। इस दौरान उनके द्वारा गांव-गांव पहुंचकर एक-एक व्यक्ति से वन-टू-वन चर्चा की जा रही है। गत रात हीरेंद्र सिंह राघौगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 विजयपुर में पहुंचे। जहां पर समस्त ग्रामीणजनों ने उनका भव्यय जोरदार स्वागत पुष्पवर्षा कर किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी हीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में विजयपुर, ग्राम ककवासा, ग्राम अजरोडा के लगभग दो सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की रीति नीति से प्रेरित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर हीरेन्द्र सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि वह हर सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने सदस्यता लेने वाले से कहा कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सभी का विकास करती है।

इधर राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी घोषित होते ही हीरेन्द्र सिंह बंटी बना राघौगढ़-आरोन क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर दस्तक दे रहे हैं। यहां उनके द्वारा ग्रामीणों से व्यक्तिश: चर्चा की जा रही है। उन्होंने सभी से वन-टू-वन विस्तार में चर्चा की। क्षेत्र में श्री सिंह को जमकर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की।

जनसंपर्क के दौरान श्री सिंह ने सभी लोगों को भाजपा की नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा में सभी वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। भाजपा ने बिना भेदभाव के विकास कार्य किए तथा सभी को आगे बढ़ाने का काम किया है। भाजपा ने तमाम ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं, जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी, साथ ही सभी समस्याओं का प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन भी दिया।

### बायपास पर मोटरसाईकिल अड़ाकर किसानों को लूट

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत 2 खंभे के निकट बायपास पर खाद लेने गुना आ रहे दो ग्रामीणों के साथ मोटर सायकिल रोककर लूट करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दुनाई निवासी रमेश कुशवाह अपने छोटे भाई के बेटे राजू कुशवाह के साथ मोटर सायकिल से गुना आ रहे थे। इसी दौरान बायपास पर आयसर ट्रक सर्विस सेंटर के सामने अचानक 2 युवकों ने उनकी मोटर सायकिल के आगे मोबाइल फेंककर गाड़ी आड़ी लगा दी और सीधे झपड़ा मारकर बोले तुमने हमारा मोबाइल फोड़ दिया। इस दौरान बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर जेबों में रखे पांच-पांच हजार रुपए निकल लिए। पूरा वाकया इतने जल्दी हुआ कि फरियादीगण कुछ समझ ही नहीं पाए और न मदद के लिए चीख पुकार कर सके। इस दौरान बदमाश उनके जेबों में रखे पैसे निकलकर भाग खड़े हुए। घटना के बाद पीड़ितों ने डायल-100 को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों में घटना को खंगालने की कोशिश की।

## महात्मा गांधी व्यक्ति नहीं, विचार हैं, जिसे अपनाना चाहिए : न्यायाधीश



**सीहोर, देशबन्धु।** गांधी जयंती के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के अनेक संस्मरण सुनाए। गांधीजी द्वारा रचित पुस्तक ''सत्य के प्रयोग'' पर विस्तृत जानकारी दी। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री मिश्र ने लालबहादुर शास्त्री के जीवन की भी कई विशेषताओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश सुरेश सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुश्री सुमन श्रीवास्तव, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र भारद्वाज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार दांगी ने भी संबोधन दिया।

### सेवा अभियान : जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाड़ू



**सीहोर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पहले देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिका के तत्वाधान में शहर के बस स्टैंड पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नेता, पार्षद, क्षेत्रवासियों के अलावा नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर क्षेत्र की साफ-सफाई कर शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बस स्टैंड पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए श्रमदान की शुरुआत की। जिसके लिए उन्होंने झाड़ू उठाया और सडक़ों को साफ करना शुरू कर दिया। उनको देखकर उनके साथ मौजूद लोगों ने भी सफाई शुरू कर दी। यहां तक की आस-पास से गुजरने वाले लोगों ने भी स्वच्छता मिशन में अपना योगदान देना शुरू कर दिया।

### राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री को कांग्रेसियों ने किया याद



**सीहोर, देशबन्धु।** गांधी पार्क में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा और शास्त्री के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। उन्हें याद करते हुए महात्मा गांधी अमर रहे, जय जवान किसान के नारे लगाए।

गांधी को याद करते हुए पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने कहा कि गांधी ने विश्व प्रेम, शांति, सत्य का मार्ग दिखाया। नफरत को मिटाने की अपील की और अहिंसा का रास्ता दिखाया। संगठन मंत्री गणेश तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जय जवान जय किसान का नारा दिया। देश का मजबूत और सशक्त बनाया, विपरित परिस्थितियों में भी देश को आगे बढाया है। इस मौके पर संगठन प्रभारी राजाराम बडेभाई, संगठन मंत्री गणेश तिवारी, राजेन्द्र वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, जयंत शाह, सीताराम भारतीय, रघुवीर दांगी, मुनव्वर मामू, शंकर खरे, सुनील दुबे, कपिल उपाध्याय, भूरा यादव, डा अनीस खान, केके रिछारिया सहित बडी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थि रहे।

### बहुप्रतीक्षित नशा मुक्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ, लगा शिविर



**गुना, देशबन्धु।** नशा जागरूकता परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन सोमवार को जिला नशा मुक्ति केंद्र पर हुआ। इस मौके पर एनएपीडीडीआर के अंतर्गत स्वीकृत नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ गांधी जयंती पर हुआ। इस अवसर पर मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति नर्सिंग होम द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। उक्त केंद्र में लगभग 15 बेड है। जिसमें नशा की गिरफ्त में आ चुके मरीजों को भर्ती कर एक महीने तक निऱ्शुल्क उपचार किया जाएगा। केंद्र के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को यहां नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा जागरूकता एवं नशा निदान परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगरवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग निऱ्शुल्क नशामुक्ति केंद्र का शुभारंभ सोमवार को किया गया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की योजना के अंतर्गत देशभर के 15 केंद्रों में से एक नशामुक्ति केंद्र गुना के लिए स्वीकृत हुआ था। जिसमें जिले के ऐसे लोग जो नशे को छोडऩा चाहते है और आर्थिक स्थिति के कारण अपना इलाज नहीं करा पा रहे है, वह अब जिला नशामुक्ति केंद्र में भर्ती हो कर अपना निऱ्शुल्क इलाज करा सकेंगे। सोमवार को नशा जागरूकता परीक्षण एवं निदान शिविर में विभिन्न प्रकार के नशे से ग्रसित जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटका तंबाकू भांग, गांजा, शराब, स्मैक एविल इंजेक्शन नाइट्रोवेट एल्कोहल एवं अन्य कई प्रकार के नशे से ग्रसित मरीजों का निऱ्शुल्क परीक्षण कर इलाज किया गया।

## पार्वती के तट की सफाई कर किया गांधी और शास्त्री को याद



**आष्टा, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर नगरपालिका द्वारा पावर्ती नदी के तट पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना सहित वरिष्ठजनों की विशेष उपस्थिति में यह श्रमदान अभियान चलाया गया। सभी ने हाथों में झाड़ू लिए पार्वती नदी तट एवं शंकर मंदिर के आसपास की साफ-सफाई की। वहीं पार्वती नदी तट पर जमा कीचड़ व गंदगी को तगाड़ियों में भरकर नपा के कचरा संग्रहण वाहन में भरा गया।

इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋ्तु जैन, पार्षदगण हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, कमलेश जैन, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, धनरूपमल जैन, देवकरण पहलवान सहित दाऊदी बोहरा समाज के सदस्य मौजूद थे। वहीं नपा कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। यहां विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, मनीष श्रीवास्तव, अनिरूद्ध नागर, सुभाष सिसौदिया, गबू सोनी, जगदीश वर्मा, सीएमएम ममता बम्हुरे, रमेश यादव, कृष्णमोहन जोशी, आकाश चौहान, मनोहर विश्वकर्मा, लखन डूमाने, वैभव मेवाड़ा मौजूद थे।

### महात्मा गांधी की विचारधारा देश के लोगों की आत्मा में है : ठाकुर



**आष्टा, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम बापू और शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं एआईसीसी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि इस देश की आबो हवा में महात्मा गांधी की आत्मा बसती एव विचार धारा देश के लोगों के दिल मैं है, जिसे भाजपा और आरएसएस मिटाना चाहती है, लेकिन वह इस देश से बापू की विचारधारा कभी खत्म नहीं कर पाएंगे। कार्यक्रम को जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जाहिद गुड्डू नगर अध्यक्ष कमल सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह भाटी, जगदीश चौहान, खालिद पठान, सनव्वर खान, एजाज ख़ान, लोकेन्द्र बनवट, कमल सेठ, रमेश मेवाडा, प्रेम पटारियां, महेश सुलखेड़ी, चेतन सेमली बारी, संतोष पहलवान नूर शेख, लखन सिंह बापचा आदि मौजूद रहे।

#### गांधी-शास्त्री जयंती पर अंचल भर में हुए आयोजन

# विद्यालय परिसर में लगाई झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश



*__गुना, देशबन्धु।__ देश को आजादी दिलाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दुनिया भर में भारत का सिर फख्र से ऊंचा करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुना सहित अंचलभर में मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस-भाजपा से लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने बापू पार्क व शास्त्री पार्क पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम सभी कांग्रेस जन बापू पार्क सुगन चौराहे पर इकट्ठा एकत्रित हुए। यहां गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद शास्त्री पार्क पहुंचकर स्व. शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, प्रदेश मंत्री हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, प्रकाश सिंह धाकड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

*इधर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा है थीम पर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर लक्ष्मीगंज से होते हुए जयस्तंभ चौराहे से विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई। विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजयकांत राठौर, लालकृष्ण शर्मा, संदीप मेहरा, घनश्याम राणा आदि उपस्थित रहे।*

*इधर नगर पालिका परिषद के सफाई अभियान के दौरान नगर पालिका कार्यालय से हाट रोड होते हुए बापू पार्क तक सफाई की गई। नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा हाट रोड डिवाइडर से कचरा का निस्तारण किया गया तथा बापू पार्क में जाकर संपूर्ण सफाई की गई। नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता एवं पार्षदों द्वारा राष्टपिता महात्मा गांधी तथा शास्त्री पार्क की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में कैलाश धाकड़, दिनेश शर्मा, बृजेश राठौर, राजू ओझा, महेंद्र सिंह कुशवाह आदि उपस्थित हुए।*

*वहीं वैश्य महासम्मेलन द्वारा चेतना रैली निकालकर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांसुमन अर्पित कर याद किया गया। वैश्य महासम्मेलन के जिला गुना के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला महामंत्री विकास जैन ने बताया कि वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने सुबह स्थानीय शास्त्री पार्क पहुँचकर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा और बापू पार्क पहुंचकर बापू के स्मरण के साथ रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर डीएन नीखरा, पवन जैन, सुवोध जैन, विजय गुप्ता, संजीव गर्ग सहित बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग, वैश्य बंधु उपस्थित रहे।*

*माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी गुना में सुरेंद्र सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष कर्मचारी संघ की विशेष उपस्थिति में स्कूल के बगीचे निधिवन की सफाई में निकलने वाली घास को गौ माता को खिलाया गया। छात्रों को कचरा प्रबंधन एवं श्रमदान का महत्व की जानकारी दी। छात्रों के स्वच्छता क्लब का गठन किया गया। अंत में प्रधान अध्यापक अनिल भार्गव ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महेश राजपूत, राजेंद्र जैन, विपिन जैन, लक्ष्मीकांत शर्मा, रामदयाल कुशवाह, लिली कपिला तिर्की, जोयती श्रीवास्तव सहित छात्र उपस्थित रहे।*

*इधर समाजसेविका ललिता भंडारी ने पीजी कॉलेज में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शास्त्री पार्क में स्वछता कर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचार जीवन मे उतारने का संकल्प लिया। साथ ही खुशबू, अंजली ,अनिता पंत,नेहा उरैया,काजल ओझा ,बुलबुल रजक,निकिता पटेल भी उपस्थित रही ।*

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### कायस्थ समाज ने लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित की पुष्पांजलि



**गैरतगंज, देशबन्धु।** पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर कायस्थ समाज ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनर तले महासभा के प्रदेश सह सचिव ओपी श्रीवास्तव , जिला अध्यक्ष रामकृपाल श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष युवा हिमांशु श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ,मनोज श्रीवास्तव लल्ला सत्यकाम श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, योगेश श्रीवास्तव,अमित श्रीवास्तव मनीष,श्रीवास्तव शुभांशु श्रीवास्तव,रानू श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव , बाला श्रीवास्तव,कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, रमाकांत श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, हिर्देश श्रीवास्तव, दिनेश विशारिया, सहित अन्य पदाधिकारियों ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए ।

### जैन समाज ने निकाली वाहन रैली



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सकल जैन समाज के आह्वान एवं श्री त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर के नेतृत्व में विशाल अहिंसा वाहन रैली का आयोजन नगर में किया गया। पर्युषण पर्व के समापन एवम् गांधी जयंती के उपलक्ष में यह अहिंसा वाहन रैली निकाली गई। जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर एवं अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी के द्वारा अहिंसा परमो धर्मा: के नारों के साथ युवा अपने-अपने दो पहिया वाहनों के साथ रैली में सम्मिलित हुए। सभी वाहनों पर धर्म ध्वजा लहरा रही थी। अहिंसा रैली शांतिनाथ दिगंबर मंदिर त्योंदा रोड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई स्थानीय महावीर विहार पहुंची। अहिंसा वाहन रैली का समाज बंधुओ ने जगह जगह पुष्पाक्षत से स्वागत भी किया।

### राजीव गांधी जन चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित



**सिरोंज, देशबन्धु।** महक जन कल्याण समिति द्वारा गांधी जयंती पर राजीव गांधी जन चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर समूह की संचार संजीदा नाज ने कहा गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। गांधी जी की विचारों से केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लाखों लोग प्रभावित हैं और उनसे प्रेरणा लेते रहे हैं। आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। इस अवसर पर इस अवसर पर ज्योति दुबे, मोहन बाबू जाटव, आमिर खान आदि उपस्थित रहे।

सौ करोड़ की सेमरी जलाशय समूह नल-जल प्रदाय योजना का किया शुभारंभ

# बम्होरी और सुल्तानगंज को तहसील बनाया जाएगा : शिवराज



**रायसेन,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि रायसेन जिले के बम्होरी और सुल्तानगंज को तहसील बनाने के साथ ही गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी और रायसेन नगरों के विकास के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए जायेंगे। उन्होंने बेगमगंज में शानदार एडिटोरियम, बम्होरी और बेगमगंज में कन्या शालाओं के नए भवन के लिए समुचित राशि स्वीकृत करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान सोमवार को रायसेन जिले के बेगमगंज में 100 करोड़ रुपए लागत की सेमरी जलाशय आधारित समूह नल-जल प्रदाय योजना का शुभारंभ सहित 153 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी और दीनदयाल अंत्योदय समिति के अध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक रामपाल सिंह भी उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने 100 करोड रुपए लागत की सेमरी जलाशय योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने लगभग 30 करोड रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और 25 करोड रुपए से अधिक राशि के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समूह बैंक लोन तथा प्रधानमंत्री पथ विक्रेता योजना (लाड़ली बहना योजना) अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को एक करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक राशि का हितलाभ वितरण भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुआ बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके जीवन की सार्थकता भी जनता की सेवा और उनके दुख दर्द दूर करके भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 9 करोड़ जनता उनकी भगवान है और उनके जीवन की सार्थकता इनका कल्याण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी नही सोच सकता था कि लाडली बहना जैसी योजना भी मूर्त रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि यह पैसा से ज्यादा बहनों का मान सम्मान और इज्ज़त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बहनों को बच्चो की इच्छाएं और अन्य छोटी-छोटी जरूरत के लिए पैसों की कमी से मजबूर होते देखा है। कार्यक्रम में केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि बेगमगंज में विकास की स्वर्णनिम गाथा लिखी गई है और इस सबका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को है। आज भी मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 100 करोड़ रू लागत की सेमरी जलाशय आधारित समूह नल-जल प्रदाय योजना की सौगात दी है। इस योजना में बेगमगंज क्षेत्र के 46 ग्रामों और गैरतगंज क्षेत्र के 49 ग्रामों कुल 95 ग्रामों के 12061 परिवारों को प्रतिदिन स्वच्छ जल मिलेगा। मुख्यमंत्री चौहान का विधायक सिंह ने क्षेत्र को दी गई विकास सौगातों के लिए नागरिकों की ओर से आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आज सातदेव के कार्यक्रम में शामिल होंगे



**भेरुन्दा नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का तीन अक्टूबर को भैरूंदा जनपद के ग्राम सातदेव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान 18 करोड़ 39 लाख 99 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ग्राम सातदेव में शिव 8 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से शिव मंदिर में मंदिर परिसर के विकास, पार्किंग सुविधा, वाउंड्रीवाल एवं जन सुविधाओ का विकास कार्य, 65 लाख रूपए की लागत से श्रीराम जानकी मंदिर जैत के समीप सामुदायिक जनसुविधा का कार्य, 50 लाख रूपए की लागत से मंडी मंदिर के समीप सामुदायिक जनसुविधा का कार्य, 50 लाख रूपए की लागत से ग्राम डिमावर मंदिर के समीप सामुदायिक जनसुविधा का कार्य, एक करोड़ रूपए की लागत से ग्राम छीपानेर मंदिर के समीप सामुदायिक जनसुविधा के कार्य, 50 लाख रूपए की लागत से ग्राम सीलकंठ मंदिर के समीप सामुदायिक जनसुविधा के कार्य का भूमि पूजन करेंगे।

## विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने गांधी एवं शास्त्री जयंती पर निकाली रैली

**भेरुन्दा नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर के शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सुबह झांकी के रूप में रैली निकाली गई। जिसमें फोजी जवान, किसान एवं महात्मा गांधी ,लाल बहादुर शास्त्री एवं भारत माता का रूप धारण करें बालक बालिकाएं रैली में आकर्षण केन्द्र बने हुए थे। वही रैली शास्त्री स्कूल से प्रारंभ हुई जो नगर के रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट ,दुर्गा मंदिर चौराहा होते हुए ,मोहनलाल शिशिर बस स्टैंड के पास सचिवालय स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वापस रैली, गांधी चौक छोटा बाजार पहुंची वहां पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पर किया गया । वहीं नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर द्वारा शास्त्री स्कूल के सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक दिनेश कुमार जोशी एवं स्कूल के समस्त शिक्षक ,शिक्षकाऐ एवं समस्त स्टाफ मुख्य रूप से शामिल रहा।

# कलेक्ट्रेट में हुए आदर सत्कार से अभिभूत है कैराबाई गोस्वामी



**रायसेन, देशबन्धु।** विश्व वृद्धजन दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह में पहुंची करावाई गोस्वामी सम्मान से बेहद प्रसन्न है। 91 वर्षीय वृद्ध केराबाईनी नें बातचीत में बताया कि कलेक्टर साहब ने हमे खूब मान सम्मान दिया अपनी बड़ी कुर्सी पर बैठाकर हमारे पैर पड़े हमारी कुशलक्षेम पूछी हमारी तबियत का हाल जाना, बेटे का नाम परिवारजन की जानकारी ली हारफूल से स्वागत कर नाश्ता कराया। अन्य वृद्धजनों ने भी बताया इतने बड़े अधिकारी से मिले आत्मीय प्रेम सम्मान से हम अभिभूत है प्रसन्न है। उन्होंने हमें मतदान के लिए प्रेरित किया, प्रभु उन्हें भी स्वस्थ औ प्रसन्न रखे।

# महिला कांग्रेस सेवा दल ने जलाया विधायक का पुतला



**सिरोंज, देशबन्धु।** कांग्रेस नेताओं के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में सोमवार को छतरी नाका चौराहे पर महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारी रिंकी रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विधायक उमाकांत शर्मा का पुतला जलाया। पुतला दहन के दौरान पुलिस एवं कांग्रेस नेत्री के बीच में नोक झोंक भी हुई। इस दौरान पुलिस ने जलते हुए पुतले को छीन लिया और मौके पर मौजूद पानी की बौछार कर उसे बुझा दिया। इसी दौरान बाजार की तरफ से आ रहे युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बघेल हाथ में दूसरा पुतला जलाते हुए छतरी चौराहे पहुंचे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान महिला पुलिस कहीं भी देखने को नहीं मिली। हालांकि दूसरे पुतले को भी पुलिस ने छुड़ाकर बुझा दिया। इस दौरान झूमा झटकी देखने को मिली। पुतला जलाने से पूर्व कांग्रेस नेत्री ने भाजपा को घेरते हुए आरोप लगाया कि एक तरफ भाजपा के नेता लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाते हैं तो वहीं दूसरी तरफ उनके ही नेता एवं जनप्रतिनिधि समाज के बीच में कुरुतियों का काम कर रहे हैं जो सार्वजनिक मंचों से अभद्र भाषा का प्रयोग विपक्ष के नेताओं पर टिप्पणी कर रहे हैं।

**कांग्रेस आज सौंपेगी ज्ञापन:** महिला कांग्रेस नेत्री राजकुमारी रघुवंशी ने कहा कि आज दोपहर में राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें विधायक उमाकांत शर्मा पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। वही उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो कांग्रेस अन्य जगहों पर भी आंदोलन करेगी।

### इनका कहना है

हमें जैसे ही पुतला दहन की जानकारी लगी तत्काल मौके पर पुलिस बल पहुंच गया था। पुलिस ने पुतले को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से छुड़ा लिया था।

**संदीप कुमार पवार, थाना प्रभारी सिरोंज**

# राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में शोभापुर के अनुभव कर रहे मप्र का प्रतिनिधित्व



**सारनी, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की उपनगरी शोभापुर निवासी अनुभव कांति राष्ट्रीय जूनियर फुटबॉल चैंपियनशिप का मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा है जो कोयलांचल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह प्रतिस्पर्धा जबलपुर में आयोजित की जा रही है। खेल अधिकारी अमित रंजन देव एवं कोच रूपेश सिंह ने बताया कि 15 दिनों तक आयोजित होने वाले डॉ. बी सी राय ट्रॉफी प्रतिस्पर्धा जबलपुर में नेशनल जूनियर फुटबाल चैंपियनशिप 24 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेली जा रही है। 15 दिनों तक आयोजित होने वाली इस प्रतिस्पर्धा में संपूर्ण भारत के 20 राज्यों की टीमें 4 ग्रुपों में शामिल हुई है। अनुभव ग्रुप डी में है, इस ग्रुप में मध्यप्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, नागालैंड और अंडमान निकोबार द्वीप समूह शामिल है। प्रतिस्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभव कांति के पिता राजेश कांति ने बताया बचपन से ही अनुभव की रुचि फुटबॉल में है। स्कूल से आने के बाद ज्यादातर समय अभ्यास करने में बीतता है। अनुभव की फुटबॉल के प्रति रुचि देख उसे बेहतर प्रशिक्षण के लिए मिनरमा एकेडमी चंडीगढ़ भेजा गया। यहां एक साल तक प्रशिक्षण लेने के बाद अब मदन महाराज एकेडमी भोपाल में एक साल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

## कई युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ, विधायक डागा ने किया स्वागत

**बैतूल, देशबन्धु।** सोमवार सैकड़ों युवाओं ने विधायक निलय डागा के निवास पहुंचकर कांग्रेस की सदस्यता ली। विधायक निलय डागा ने युवाओं को पूरे जोश के साथ कांग्रेस का गमछा अपने हाथों से पहनाकर स्वागत किया। ततपश्चात युवाओं ने आगामी चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प लिया। सेहरा और सावंगा और टिकारी के रहने वाले ये सभी युवा विधायक निलय डागा से खासे प्रभावित हैं। इस अवसर पर विधायक निलय डागा ने कहा कि भाजपा शासन में बढ़ती बेरोजगारी ने हमारे उन युवाओं में हताशा उत्पन्न कर दी है जो आज देश की दिशा और दशा दोनों बदलने का माद्दा रखते हैं। अब वक्त आ गया है युवा विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में आने वाला भविष्य हमारे युवाओं के हाथों में हो और हम सब मिलकर अपने आपके साथ देश को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम कर सकें। जिन युवाओं ने कांग्रेस का हाथ थामा है उनमें ग्राम सावंगा के मनोज पवार, संतोड़ दवन्दे, शशिकांत पाटनकर, रघुनाथ पवार, कुलदीप उघड़े, अर्जुन वाड़िवा, जयदीप तायवाड़े, नीरज राठौर, आयुष दवन्दे, योगेश आसरेकर, धर्मेश पाटनकर, दीपांशु पाटनकर, श्याम माकोड़े, तथा ग्राम सेहरा से भीलू उइके, प्रेम नर्रे, शिवजी वरकड़े, संतोष वाड़िवा, कोमल अतुलकर, मिश्री परपाची, रमेश वरकड़े, झाम सिंह टेकाम, रायसिंह नवड़े आदि शामिल है।

# जेएच कॉलेज में लगी गांधी चौपाल




**बैतूल, देशबन्धु।** एनएसयूआई ने जेएच कॉलेज में जिला अध्यक्ष जैद खान के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी चौपाल का आयोजन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जिला अध्यक्ष ने महात्मा गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान ने गांधीवादी विचारधारा एवं इतिहास के बारे में बताया। गांधी चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष निलेश धुर्वे, जिला प्रवक्ता नितिन विश्वास, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष अंकित ताम्रकार, जिला महासचिव रामकुमार नागवंशी, शाहिद खान, जिला सचिव आकाश कुबड़े, यश साहू, आशीष गंजाम, देवेश राने, मयूर बारस्कर, अमित, राहुल, पियूष, राहुल वाड़िवा, शिवम पोटे आदि मौजूद रहे।

### गांधी और शास्त्री जयंती मनाई

**सारनी, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर तिरुपति बालाजी वार्ड क्रमांक 12 में मनाई गई। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इलियास एवं युथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त धोटे, पंचु खान ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर ज्ञानेश्वर पाटिल,गोविंद एरोलू,राकेश महाले,मुन्ना लाल कापसे,सी एम बेले,नितिन राजपूत,पप्पू राजपूत,संजू सलूजा,महेश गिरी,बबुआ गिरी,सईद मंसूरी,जाकिर मंसूरी,इमाम खान,अरविंद डोंगरे,लिखिराम नागवंशी,उषा वाघमरे,लक्ष्मी साहू,राजकुमार सोनी,हमीदा बाई,कलीम मंसूरी,सलीम मंसूरी, शमी मंसूरी,लालू मंसूरी, सत्यम सोनी,नवीन सोनी,अजय राठौर,पप्पू चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे।

### मुलताई थाने के एएसआई की मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पुलिस थाने में पदस्थ एएसआई करण सिंह ठाकुर की सोमवार अज्ञात कारणो से मौत हो गई। उन्हें पुलिसकर्मी मुलताई के सरकारी अस्पताल लाये, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा था कि पिछले कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब था और उनका उपचार भी जारी था। मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वहीं प्रारंभिक तौर पर डॉक्टरो का कहना है कि हार्ट अटैक के कारण मौत हो सकती है। फिलहाल करण सिंह ठाकुर मासोद में चौकी प्रभारी के पद पर पदस्थ थे। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर लगभग 2-30 बजे उनका स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें मुलताई के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां से उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उनको डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### किया स्वच्छता के लिए श्रमदान, बाजार और सड़कों पर की सफाई

**सारनी, देशबन्धु।** पूरे देश भर में गांधी जयंती के अवसर पर एक,दो अक्टूबर को विभिन्न जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जनप्रतिनिधियों ने बाजार और सड़कों में उतरकर स्वच्छता के लिए एक घंटे श्रमदान किया। इतना ही नहीं लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए नपा की टीमें उनकी बीच वार्डों में भी पहुंची।नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन रविवार को साप्ताहिक बाजार स्थल पाथाखेड़ा में किया गया। यहां नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की,महेंद्र भारती,योगेश बर्डे, जफर अंसारी,आकाश पंद्राम, प्रवीण सोनी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम,सुधा चंद्रा,राजेश पटैया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर कई जगह हुए कार्यक्रम

# मद्यपान निषेध की ली शपथ, ताप्ती तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**मुलताई, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर नगर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांधी चौक पर नगर पालिका द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मद्य निषेध सप्ताह की शुरुआत की गई। वहीं विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ ताप्ती तट पर स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया गायत्री परिवार द्वारा वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

नगर पालिका परिषद द्वारा सुबह 8 बजे गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मद्य निषेध सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मद्यपान निषेध की शपथ भी उपस्थित जनों द्वारा ली गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार, उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे, सभापति निर्मला उबनारे, सुरेश पौनीकर, अंजलि शिवहरे, वंदना साहू, साजिदा बेगम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, कांग्रेस नेता प्रहलाद परमार, राजरानी परिहार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।




**सीएम राइज स्कूल में स्वच्छता ही सेवा संकल्प के साथ चलाया अभियान:** नगर के सीएम राइस स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर लोक शिक्षण संचालनालय एवं राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार वृहद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी के कैडेट्स भी शामिल हुए। सर्वप्रथम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। सभी ने अपने स्कूल परिसर को कचरा मुक्त बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद पौधारोपण कर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा एवं कचरा मुक्त भारत की थीम पर चित्रकला, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य संदीप गणेशे, वरिष्ठ शिक्षक सीएस साहु, रविशंकर पवार, बृजमोहन अग्रवाल, वासुदेव गणेशे, विनायक नागले, वैभव वर्मा, देव कुमार दुबे, जयप्रकाश परिहार, खंडईत कर, संध्या पवार एवं एनसीसी कैडेट्स और स्कूली छात्र-छात्रा है मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एनसीसी कैडेट्स द्वारा एकता और अनुशासन का संदेश देते हुए स्वच्छता रैली निकाली गई।

नगर के पवित्र ताप्ती सरोवर ताप्ती तट और सरोवर के मध्य स्थित सप्त ऋषि टापू पर आदर्श नवीन स्कूल के बच्चों ने पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया। अभिषेक खंडेलवाल ने बताया की बच्चो ने श्रद्धालुओं और नगरवासियों को ताप्ती सरोवर को साफ, स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए जागरूक किया। नमन अग्रवाल ने बताया की आरडी स्कूल के बच्चो ने ग्राम कामथ, थावरिया और अपने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी जयंती मनाई।

## सार समाचार

### आज डोलरिया में गांधी मेडीकल कॉलेज की चिकित्सा टीम द्वारा की जाएगी स्वास्थ्य जांच

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आयुष्मान भवः अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य मेला नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता के लिए मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया में आयोजित किया जा रहा है।

सीनियर एमपीडब्ल्यू सुनील साहू ने बताया कि गांधी मेडीकल कॉलेज भोपाल से चिकित्सा टीम के साथ जिला एवम स्थानीय चिकित्सकों , स्टॉफ द्वारा मेला में आए मरीजों की जांच एवम उपचार किया जाएगा, इस मेला में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत विशिष्ट हेल्थ आईडी बनाना, आयुष्मान कार्ड बनाना,डेन्टल (दाँत एवं मुँह संबंधी), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत समस्त 18 वर्ष तक बच्चों के समस्त उपचार,संक्रामक एवं गैर संक्रामक बीमारियों ,आयुष विभाग की सेवायें।,मानसिक स्वास्थ्य सेवायें, गर्भवती माताओं की समस्त जाँच , नेत्र परीक्षण ,परिवार कल्याण सेवायें, त्वचा संबंधी बीमारी,टीकाकरण, रक्तदान शिविर, अस्थि रोग संबंधी सहित अन्य सामान्य रोगों का निदान एवं उपचार किया जाएगा, विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाओं संबंधी प्रदर्शनी लगाई जाएगी, सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें ।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया भूमिपूजन

# पिचिन निर्माण होने से बारिश में बाढ़ के संभावित संकट को टाला जा सकेगा




▸ कोरीघाट से सर्किट हाउस घाट तक 671.05 लाख से बनेगा पिचिन

**इटारसी/नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जलसंसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत कोरीघाट से सर्किट हाउस घाट तक पिचिन निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने सर्किट हाउस घाट पर किया। इसके लिए विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा के प्रयासों से स्वीकृत 671.05 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष अभय वर्मा एवं सागर शिवहरे मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कहा कि इस शहर को सारे संकटों से बचाने की जिम्मेदारी हमारी है। पिछले वर्षों में नर्मदाघाट की खोह भरने का काम 7.5 करोड़ रुपए की लागत से कराया था, जब मंत्री तुलसी सिलावट ने हमारी मांग पर कोरी घाट से सर्किट हाउस घाट तक पिचिन निर्माण के लिए 671.05 लाख रुपए की स्वीकृति करायी है, इसके लिए उनका धन्यवाद। उन्होंने कहा कि इस काम का कोई टेंडर लेने को तैयार नहीं था, अब टेंडर होने के बाद इसकी उम्मीद बंधी है, इसके लिए जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को भी धन्यवाद।

उन्होंने कहा कि बांद्राभान में होने वाले नदी महोत्सव में जब सुश्री उमा भारती आयी थीं, तो उनसे भी हमने सौ करोड़ रुपए की मांग की थी, लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष और विभाग ने कोई रुचि नहीं थी। विधायक डॉ.शर्मा ने 1973 की बाढ़ को याद करते हुए कहा कि अब ऐसी परिस्थितियों से बचा जा सकेगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, वरिष्ठ नेता महेन्द्र चौकसे, पार्षद जितेन्द्र तिवारी, रोहित गौर, नरेन्द्र पटेल, प्रकाश, अर्पित मालवीय, दुर्गेश, बिंदिया मांझी, सीमा तिवारी, माया केवट, जल संसाधन विभाग से एसई आरआर मीना, ईई व्हीके जैन सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक

वार्ड 18 वाल्मीकि बस्ती में कई वर्षों से निवास कर रहे थे परिवार

## जमीन का पट्टा मिलते ही चेहरे पर मुस्कान, बस्ती में दीपावली सा जश्न



**इटारसी, देशबन्धु।** मुन्नी बाई करण सिंह, रामचंद्र पारछे पिता खेमचंद पारछे सहित यहां वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले 35 परिवारों के घर आज दीपावली मनी। कारण सिर्फ इतना है कि वह जहां रह रहे हैं, उस जमीन का मालिकाना हक आज उन्हें मिल गया। जैसे ही इन नागरिकों को विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद मनीषा हन्नु बंजारा ने पट्टा हाथ में दिया, इनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। किसी ने विधायक के पैर पड़कर धन्यवाद दिया तो किसी ने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। मौका था मुख्यमंत्री शहरी भू अधिकार योजना 2023 के तहत आज वाल्मीकि बस्ती वार्ड 18 में 35 परिवारों को भू अधिकार पत्र वितरण का। मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, वार्ड पार्षद मनीषा हन्नू कौर बंजारा सहित अन्य अतिथियों ने भू अधिकार पत्र पट्टे का वितरण किया। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने जनता से कहा कि जब भी विधायक बनता हूं आपके बीच में आता हूं, हमारे नगरपालिका अध्यक्ष के साथ भी हम आए। इस बार आपने हमारा पार्षद दे दिया, अब कोई कारण नहीं बचा था कि आपको पट्टे नहीं मिलते। डॉ शर्मा ने कहा कि अभी चुनाव का समय आ गया है, कांग्रेसी आएंगे, वे पांच साल में एक बार आते हैं। उनकी बातों में नहीं आना है। डॉ शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो आपकी और देश की सेवा करती है। आपका एक वोट देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जाता सकता है। विधायक डॉ शर्मा ने यहां पार्षद मनीषा कौर और सांसद प्रतिनिधि हन्नु बंजारा की मांग पर भगवान वाल्मीकि के मंदिर निर्माण में सहयोग करने और यहां बस्ती में वाल्मीकि जी के नाम पर प्रवेश द्वार बनाने की घोषणा की।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि हम यहां जब पट्टे के लिए आवेदन फार्म भरवाने आए थे तो महिलाओं ने कहा था कि कितनी बार फार्म भरेंगे, हमें उम्मीद नहीं है कि हमें कभी पट्टा मिल पाएगा। आज सुबह भी एक अम्मा कह रही थी कि पता नहीं पट्टा मिलेगा कि नहीं या सिर्फ कार्यक्रम ही करा रहे हैं। लेकिन आप सभी के सामने आपको हम पट्टा प्रदान कर रहे हैं। श्री चौरे ने कहा कि हम जो बोलते हैं वह करते हैं। झूठे आश्वासन हम कभी नहीं देते। स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव ने कहा कि मेरा जन्म वाल्मीकि बस्ती में वार्ड 22 में ही हुआ है, मैं बचपन से आप लोगों के बीच पला बढ़ा हूं। आपके दुख तकलीफ समझता हूं। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा लगातार आपकी चिंता करते हैं, अभी यहां नाला निर्माण कराया, जिससे अब यहां बरसात में पानी जमा नहीं होता। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजा तिवारी, सभापति मंजीत कलोसिया, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष भाजपा मयंक मेहतो, विधायक प्रतिनिधि गोविंद बांगड़, देवेंद्र पटेल, पार्षद राहुल प्रधान, सभापति प्रतिनिधि शहबाज बेग, समाजसेवी मनीष ठाकुर, अभिषेक तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया, भाजपा मंडल महामंत्री राहुल चौरे, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की बड़ी खेप बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार



**इटारसी, देशबन्धु।** क्षेत्रीय राजस्व आसूचना निदेशालय भोपाल, जोनल राजस्व आसूचना निदेशालय इंदौर एवं स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश भोपाल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इटारसी रेलवे स्टेशन पर यशवंतपुर एक्सप्रेस से वन्यप्राणी इंडियन टेंट टर्टल जो की स्वच्छ जल में पाए जाने वाले कछुआ की एक दुर्लभ प्रजाति को अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

ये दोनों व्यक्ति पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं एवं लखनऊ से दुर्लभ प्रजाति के कछुआ को लेकर चेन्नई जा रहे थे। उक्त दोनों व्यक्तियों से भारी मात्रा में इंडियन टेंट टर्टल जब्त किए गए हैं। दुर्लभ प्रजाति के यह कछुए वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 के वन्यप्राणी है जिनको पकड़ना, तस्करी एवं अवैध व्यापार प्रतिबंधित है एवं अधिकतम 7 वर्ष तक के कारावास तथा न्यूनतम 25000 रुपए जुर्माना से दंडनीय है।आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया है, जहां से उन्हें फॉरेस्ट डिमांड पर ले जाकर प्रकरण के संबंध में अग्रिम पूछताछ की जाएगी। प्रथम दृष्टया प्रकरण में संगठित गिरोह के संलिप्त होने के साक्ष्य मिले हैं। अग्रिम विवेचना जारी है शीघ्र ही प्रकरण में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## वरिष्ठ नागरिक मंच ने बापू की प्रतिमा के समक्ष मनायी गांधी जयंती

**इटारसी, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक मंच ने नगर पालिका परिषद इटारसी के सहयोग से महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती का कार्यक्रम गांधी स्टेडियम में स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष जब तक सूरज चांद रहेगा, गांधी जी का नाम रहेगा के नारे लगाते हुए किया।

कार्यक्रम में मोहल्ला समिति वार्ड 23 अहिल्यानगर, उपभोक्ता संरक्षण मंच, पत्र लेखक मंच, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ, सनाढ्य ब्राह्मण सभा, मंच सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पंकज चौरे ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम को डॉ ज्ञानेंद्र पांडे, डॉ केएस उपल्ल, डीएस बाजपेई, बृजमोहन सोलंकी, रामकिशन चौरे, टीआर चौलकर, राजेश व्यास, गोविंद दीक्षित, जयप्रकाश अग्रवाल, सोहेल अली खान ने संबोधित किया।

मुख्य अतिथि पंकज चौरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक मंच ने नगर पालिका के सहयोग से गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का आयोजन करना शहर के अन्य सामाजिक संगठनों के लिए अनुकरणीय पहल है एवं मंच परिवार इसके लिए साधुवाद का पात्र है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत एवं श्रेष्ठ भारत महात्मा गांधी का सपना था। इसमें




स्वच्छता के संदेश को हमारे देश की सरकार ने अनुकरण में लाया है।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को पूरे देश लागू किया है।इसी के तहत कल पूरे शहर के हर वार्ड में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। महात्मा गांधी के योगदान को देशवासी कभी भूल नहीं सकते इसके लिए वे सदैव देशवासियों के मन में अमर रहेंगे।

संचालन मंच प्रवक्ता राजकुमार दुबे ने किया एवं आभार मंच के सदस्य सुधीर गोठी ने माना। कार्यक्रम में अशोक जैन, हेमंत भट्ट, सुरेंद्र सिंह तोमर, सूरतसिंह सोलंकी, शिवनारायण बुधौलिया, एनआर अग्रवाल, अशोक सक्सेना, विजय शंकर द्विवेदी, नर्मदा प्रसाद रैकवार, अखिलेश दुबे, जयंत शर्मा, मुकेश पाराशर, राजेश व्यास, राजेश दुबे, सौरभ दुबे आदि की उपस्थिति रही।

## सड़क बनने से वार्ड के लोगों को दलदल से मिलेगी राहत



**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत मेहरगांव के वार्ड 14 के पंच शेख फारुख ने आज ग्राम पंचायत मेहरागांव में ग्राम सभा में अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने बैनर लेकर खराब सड़क के मुद्दे को ग्राम सभा में उठाते हुए सरपंच एवं सचिव को बैनर की सहायता से बदहाल सड़क से अवगत कराया व निर्माण कराने की मांग रखी। सरपंच एवं सचिव ने जल्द से जल्द रोड बनवाने का आश्वासन दिया। पंच शेख फारूक ने सरपंच एवं सचिव का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस मौके पर वार्ड 17 के पंच इमरान खान राजा, वार्ड 16 की महिलाएं कस्तूरी सिसोदिया, दीपा मेहरा, मुन्नी बाई सोनी, देवकी बाई, सुगन मालवी, भूरिया तोनिया, पहाड़न बाई, जम्मा बाई उपस्थित रही।

## टायर फटने से पलटा ट्रक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बैतूल नेशनल हाइवे फोरलेन पर नर्मदापुरम के पास सोमवार शाम करीब 5 बजे एक डीजे रखे ट्रक का टायर फट गया। जिससे ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। जिससे ट्रक में रखे डीजे सड़क पर बिखर गए। शुक्र है कि हादसे में किसी को गंभीर चोटें नहीं आई। जानकारी के मुताबिक ट्रक में डीजे रखे थे। महाराष्ट्र में कार्यक्रम कर डीजे टीम भोपाल लौट रही थी। नर्मदापुरम में रायपुर के पास फोरलेन पर ट्रक का टायर फट गया। ट्रक काफी स्पीड में था। जिससे उसका संतुलन बिगड़ा और पलट गया। घटना के बाद ट्रक में बैठे ड्राइवर व अन्य लोग बाहर निकले। क्रेन बुलाकर ट्रक को सीधा खड़े किया गया।

## सड़कों से फलों के ठेले हटाने विहिप-बजरंग दल ने दिया पुलिस निरीक्षक को ज्ञापन



**इटारसी, देशबन्धु।** आज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल नगर समिति इटारसी ने मार्केट में बीच सड़क पर खड़े होकर यातायात बिगाड़ने और महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले फलों के ठेले हटाने को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया है कि फल के ठेलों के कारण लोगों को आवागमन में बड़ी परेशानी हो रही है। आने वाले त्योहार के कारण मार्केट में अधिक भीड़ होती है और फल विक्रेता बीच सड़क पर ठेले लगाकर दुर्घटना के कारण बने हुए हैं। बाजार में निकालने वाली महिलाओं को देखकर फल विक्रेता गंदे-गंदे कमेंट करते हैं, हमें अपने आप में शर्मसार होना पड़ता है। इस ओर न कोई प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही नगरपालिका। बार-बार निवेदन करने के बाद भी यह समस्या यथावत बनी हुई है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने नगर निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला को ज्ञापन देकर आग्रह किया है कि इन ठेलों वालों पर कठोर कार्रवाई करें एवं प्रशासन द्वारा चिह्नित स्थानों पर भेजने की कृपा करें जिससे लोगों के आवागमन में परेशानी ना हो।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर कालेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने श्रमदान किया



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज महात्मा गांधी तथा लालबहादुर शास्त्री जयंती पर प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने दोनों को नमन करते हुए कहा कि सत्य तथा अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में ही आज के दिन को राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बार बंगाल यात्रा पर महात्मा गांधी को भारत के लोगों को संदेश देने के लिए कहा था। गांधी ने कहा कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। लाल बहादुर शास्त्री भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे, जिनका जीवन सादगी तथा महान चारित्रिक गुणों से युक्त था। दोनों ही महानुभूतियों का जीवन हमें नित नवीन प्रेरणाएं देता है।

प्राध्यापक डॉ. ओपी शर्मा ने कहा कि गांधी ने अहिंसा और सत्य को हिंसा के खिलाफ लड़ने के लिए दो सबसे अहम हथियार बताया। असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, चंपारण आंदोलन जैसे स्वतंत्रता आंदोलनों के माध्यम से वह हमेशा मानवाधिकारों के लिए खड़े रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने उद्यान में श्रम कार्य कर महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को प्रसारित किया। संयोजन श्रीमती मीरा यादव, डॉ संतोष कुमार अहिरवार, श्रीमती श्रुति ने किया।

## गांधी व्यक्ति नहीं एक विचार थे : डॉ. उप्पल




इटारसी। गांधी व्यक्ति नहीं एक विचार थे, यही वजह थी कि अपने आचरण में भी सत्य और अहिंसा को परमो धर्म को मानते थे। उन्होंने बापू से संबधित संस्करणों को स्मरण किया।महात्मा गांधी की जयंती पर आज बापू प्रवास स्मृति कक्ष गोठी धर्मशाला में बापू को सर्वप्रथम सूत की माला का माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके उपरांत इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच के डॉ. कश्मीर सिंह उप्पल, डॉ. ज्ञानेंद्र पांडे, राम किशोर चौरे, ब्रजमोहन सोलंकी,राजकुमार दुबे एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन सिंह सोनेर ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील बाजपेई एवं आभार प्रदर्शन समिति के संयोजक सुधीर गोठी ने किया। इस अवसर पर विजय द्विवेदी, अशोक सक्सेना, विनीत चौकसे, जसवंत सिंह, जम्मू सिंह उप्पल, दिनेश थापक, बार काउंसिल के अध्यक्ष संतोष गुरुयानी, विजय मंडलोई, राजेश दुबे आदि उपस्थित

## गांधी जयंती पर जीनियस के विद्यार्थियों ने निकाली रैली



**इटारसी, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जीनियस प्लानेट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम सोनासांवरी में सद्भावना रैली निकली गई। इस अवसर पर संचालक मनीता सिद्दीकी द्वारा विद्यार्थियों को महात्मा गांधी द्वारा भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराने के लिए दिए अमूल्य योगदानों से अवगत कराया, साथ ही बताया कि अहिंसा के रास्ते पर चलने से अपने लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य विशाल शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि आज हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है, विद्यार्थियों को उनके द्वारा देश की प्रगति में किए कार्यों के बारे में बताया। इसके एक दिन पूर्व जीनियस प्लानेट स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा ग्राम सोनासावरी की सड़क पर श्रमदान कर पूरी रोड की सफाई की गई।

## जयंती पर नगर कांग्रेस ने किया महात्मा गांधी को याद



**इटारसी, देशबन्धु।** आज महात्मा गांधी की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा की इस देश को आजाद कराने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यदि किसी की रही है, तो वह महात्मा गांधी की रही है। आज भी उन्हें उनके त्याग, समर्पण और बलिदान के लिए याद किया जाता है। वह सदा ही अहिंसा के पुजारी रहे हैं, हमारा यह कर्त्तव्य है कि हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर देश के विकास में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक सक्सेना, पार्षद संजय ठाकुर, अमित कापरे, पूर्व पार्षद इरशाद अहमद सिद्दीकी, संजीव हनी गोठी, पप्पी कालोसिया, देवी मालवीय, समीर खान, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौम्य दुबे, हिमांशु बाबू अग्रवाल, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष मयंक चौरे, आकाश कुशराम, गोलू भाटिया, प्रणय मिश्रा, राहुल दुबे, अनूप गांचले, शेख फारुख, इमरान खान, संतोष बामने, अरमान छाबड़ा, युवराज चौधरी आदि उपस्थित थे।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।